तापमान
अधिकतम 26.5 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025



तारबाहर अंडरब्रिज में की गई आकर्षक पेंटिंग।



## खबर संक्षेप

### पदोन्नत प्राचार्यों की बैठक आज

**बिलासपुर।** ई व टी संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की बैठक शनिवार शाम को वर्चुअल मोड में होगी। इसमें 2 हजार से अधिक प्राचार्यों के शामिल होने की बात कही जा रही है। इसमें पदोन्नत प्राचार्यों का परिचय व सम्मान करने के विषय पर भी चर्चा होगी। ऐसे प्राचार्य साथी जो पदोन्नति पश्चात कार्यभार ग्रहण नहीं किए हैं उन्हें भी ज्वाइन करने संघ की ओर से कहा गया है। टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा की ओर से कहा गया कि शासन से मांग की जाएगी कि शालाओं में रिक्त पदोन्नति के पदों की गणना कर शेष शिक्षको को भी प्राचार्य के पद पर पदोन्नति करें। उन्होंने कहा कि शनिवार को होने वाली बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प 3 दिसंबर को

**बिलासपुर।** आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में 3 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प निःशुल्क शिक्षा लर्न विथ अर्न प्रोगाम के अंतर्गत डिप्लोमा इन मेकाट्रोनिक्स के लिए है। जिसमें 18 से 23 वर्ष आयु के 12वीं पास या 2 वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण एवं अंतिम वर्ष में अध्ययनरत अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। स्टाइपेंड 18149 रुपए, क्लासरूम अटेंडेंस बोनस 2500 एवं रिटेनशन अवार्ड 1000 होगी। अधिक जानकारी के लिए संस्था कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### रील्स बनाने के चक्कर में युवा जान जोखिम में डालकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे

# रिवर व्यू में कार की छत पर स्टंटबाजी, हाईकोर्ट ने कहा- पुलिस, प्रशासन ठोस कदम उठाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की सख्त चेतावनी के बाद भी बिलासपुर में कार पर स्टंटबाजी नहीं थम रही है। सोशल मीडिया पर कार की छत पर स्टंट करने का नया वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे युवक ने डायलॉग के साथ अपलोड किया है। वीडियो में कह रहा है कि हमारा दबदबा है हमारे इलाके में, हम पर कोई हाथ नहीं डाल सकता। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। हाईकोर्ट ने इस पर संज्ञान लेते हुए कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि रील्स बनाने के चक्कर में युवा जान जोखिम में डालकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। कोर्ट ने कलेक्टर बिलासपुर, एसपी बिलासपुर और राज्य शासन से मामले में जवाब मांगा है।


सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद अब युवक को ढूंढ रही पुलिस

नए रिवरव्यू में कार की छत व बोनट पर बैठकर युवक ने किया स्टंट

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

बताया जा रहा है कि यह वीडियो नए रिवर व्यू रोड की है, जिसमें एक युवक बिना नंबर की कार पर सवार है। पहले उसने कार की छत पर खड़े होकर रील्स बनवाया, जिसके बाद बोनट पर बैठ गया। इसके युवक के स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। थाना सिविल लाइन पुलिस ने वायरल वीडियो पर तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस ने कार और ड्रोन कैमरा जब्त कर लिए। तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के लाइसेंस भी निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक बिना बिना नंबर प्लेट वाली सिल्वर स्विफ्ट कार में प्रसून यादव (21 साल) बोनट पर खड़ा होकर खतरनाक स्टंट कर रहा था, जबकि आदित्य राणा (18 साल) कार को जोखिमपूर्ण तरीके से चला रहा था। इस वीडियो को ओंकार पटेल (25 साल) ने ड्रोन कैमरे से रिकॉर्ड किया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की कार और ड्रोन कैमरा जब्त कर लिया। आरोपियों पर धारा 281, 3(5) BNS और 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



सिविल लाइन थाना में गिरफ्तार स्टंटबाज युवक।

### सोशल मीडिया पर वायरल होने का क्रेज

दरअसल युवाओं में रील्स बनाने और सोशल मीडिया पर वायरल होने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। इससे पहले रतनपुर रोड पर नेशनल हाइवे रोककर तलवार से केक काटकर बर्थडे सेलिब्रेट करने, मस्तूरी रोड पर गाड़ियों के काफिले में दरवाजे से बाहर निकलकर रील्स बनाने, और पुराना रिवरव्यू में बाइक से स्टंट करने वाले वीडियो वायरल हो चुके हैं। इन घटनाओं पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई थी और स्टंटबाज युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यह मामला अब भी हाईकोर्ट में लंबित है और निगरानी में रखा गया है।

### स्टंट करने वाले को पुलिस ने सिखाया सबक

रिवर व्यू में कार की छत व सामने बोनट पर बैठकर रील बनाना युवकों को भारी पड़ गया है। पुलिस एक्शन में आते ही युवकों की घिग्घी बंध गई। पुलिस ने युवकों को कान पकड़ाकर सबक सिखाया है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

गुरूवार को सोशल मीडिया में रिवर व्यू रोड पर युवकों का आंतक देखने को मिला। बिना नम्बर की कार की छत व बोनट पर बैठकर रील बनाते युवकों का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में युवकों द्वारा गिदड़भपक्की देते हुए डायलॉग भी दिया जाते रहा, इस वीडियो की शहर में दिन भर चर्चा रही। शुक्रवार को सिविल लाइन ने अपना एक्शन दिखाया और न्यू रिवर व्यू रोड पर स्टंटबाजी करते हुए वायरल वीडियो की पड़ताल की गई। इस दौरान जानकारी मिली कि बिना नंबर प्लेट की सिल्वर स्विफ्ट कार में प्रसून यादव बोनट पर बैठकर खतरनाक स्टंट कर रहा था और कार को आदित्य राणा जोखिमपूर्ण तरीके से चला रहा था। वीडियो ड्रोन कैमरे से ओंकार पटेल द्वारा बनाया गया था। सिविल लाइन पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की कार एवं प्रयुक्त ड्रोन कैमरा जप्त कर लिया है। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपी प्रसून यादव पिता अनिल यादव (21 वर्ष), आदित्य राणा पिता स्व. दशरथ राणा और ओंकार पटेल पिता गोविंद राम पटेल (25 वर्ष) के विरूद्ध अपराध क्रमांक 1409/2025, धारा 281, 3(5) बीएनएस एवं 184, 189 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तारी की। इस दौरान पुलिस ने सबक सिखाते हुए आरोपी से नाक भी पकड़वाएं और माफी भी मंगवाई। पुलिस ने आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निलंबन की प्रक्रिया तेज कर दी है।

### सड़क पर जन्मदिन मनाया, जुर्म दर्ज

कुदुदंड शिव चौक पर रास्ता रोककर जन्म दिन मनाने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। दरअसल कुदुदंड माताचौरा निवासी आशुतोष पांडेय पिता विरेन्द्र पांडेय ट्रांसपोटर हैं। 21 नवंबर को रात 8 बजे निजी काम के लिए नेहरू चौक जा रहे थे। इस दौरान शिव चौक के पास हिमांशु गुप्ता ने अपने दोस्तों के साथ बीच सड़क पर जीप क्रमांक एचवाईएम 6639 को खड़ी कर यातायात नियमों का उल्लघंन करते हुए रोड को ब्लॉक कर दिया था। वह अपने दोस्त आशीष साहू, शुभ रॉवत के साथ मिलकर केट काट रहा था, इस दौरान युवकों ने शासन से अनुमति लेने की बात भी कही थी। युवकों द्वारा आम रास्ता को ब्लॉक करने के कारण हर आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## महेंद्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धांशु बने शहर अध्यक्ष




**बिलासपुर।** भारी जद्दोजहद के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के जिला व शहर अध्यक्षों की सूची जारी की है, इसके अनुसार महेंद्र गंगोत्री को जिला ग्रामीण अध्यक्ष बनाया गया है, वहीं युवा नेता सिद्धांशु मिश्रा को शहर अध्यक्ष की कमान दी गई है। कांग्रेस द्वारा जिला ग्रामीण अध्यक्ष लगभग 8 साल बाद बदले गए हैं, अब तक जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी थे।

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए पिछले कई महीनों से उठापटक चल रही थी, शहर से शुरू हुई दौड़ दिल्ली तक पहुंच गई थी, इसके बाद अध्यक्षों के नामों की घोषणा का इंतजार किया जा रहा था। शुक्रवार को एआईसीसी जनरल सेक्रेटरी केसी वेनुगोपाल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों व शहर अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है। बिलासपुर के जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री बनाए गए हैं। छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय रहने वाले महेंद्र गंगोत्री एनएसयूआई के जिला व प्रदेश उपाध्यक्ष रह चुके हैं। वे युवा कांग्रेस के भी प्रदेश उपाध्यक्ष थे। इसके अलावा वर्तमान में वे प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री हैं। इसी तरह शहर कांग्रेस की कमान युवा नेता सिद्धांशु मिश्रा को दी गई है। कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय रहने वाले सिद्धांशु मिश्रा शहर कांग्रेस के कोषाध्यक्ष व महामंत्री रह चुके हैं। वर्तमान में वे प्रदेश कांग्रेस सचिव हैं। कांग्रेस द्वारा इन दो युवाओं को जिला व शहर अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलन की आशा की जा रही है।

- 8 साल बाद बदले गए जिलाध्यक्ष
- युवाओं को दी गई कमान

कहा जा रहा है कि अब अधिक संख्या में युवा पार्टी से जुड़ेंगे। पिछले 8 साल से जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी थे। उनके लंबे कार्यकाल के दौरान भी कांग्रेस कार्यकर्ता सक्रिय रहे हैं। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद से श्री केशरवानी के नेतृत्व में लगातार आंदोलन और विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं। कहा जा रहा है कि अब इसमें और तेजी आ सकती है।







## खबर संक्षेप

### ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई में वार्षिकोत्सव आज

**बिलासपुर।** ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई का वार्षिकोत्सव 2025 का आयोजन 29 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एडीएन बाजपेयी होंगे। विशिष्ट अतिथि नगर निगम आयुक्त बिलासपुर अमित कुमार होंगे। साथ ही ब्रिलिण्ट के प्रबंधन मंडल सहित अन्य विशिष्ट अतिथि होंगे।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का लिया जायजा



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तखतपुर विकासखंड के ग्राम खम्हरिया, नगोई और ढनढन का दौरा कर धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर धान खरीदी व्यवस्था देखी। धान बेचने आए किसानों से चर्चा कर उनका फीडबैक लिया। समिति प्रबंधन को हिदायत दी कि किसानों को अपनी उपज बेचने में केंद्र में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। छाया, पानी समेत अन्य सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। किसानों ने उपार्जन केंद्र में की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जाहिर किया। श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों से धान खरीदी में किसी तरह की अनियमितता न हो। शासन द्वारा धान खरीदी के लिए निर्धारित 16 बिंदुओं के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने केंद्रों पर तोल, भंडारण, टोकन वितरण और ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधी व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उनकी उपज, खेती के रकबे और इस मौसम में आई चुनौतियों की जानकारी ली। किसानों को रबी सीजन में अन्य फसलों की खेती के लिए भी प्रोत्साहित किया, जिससे उनके लिए आय के नए स्रोत बनें और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सरकार द्वारा दलहन तिलहन फसलों के लिए भी बीज और अन्य सुविधाएं प्रदान कर रही है। निरीक्षण के दौरान खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, उपपंजीयक चंद्रशेखर जायसवाल सहकारी बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा, जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी आशीष दुबे, जिला विपणन अधिकारी अमित चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए 30 बीएलओ सम्मानित किए गए



**बिलासपुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में मैदानी स्तर पर कार्यरत बीएलओ का कलेक्टर संजय अग्रवाल हौसला बढ़ा रहे है। उन्होंने आज फिर 30 बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार आज सम्मानित होने वाले बीएलओ में विधानसभा क्षेत्र तखतपुर के ग्राम चनाडोंगरी की बीएलओ अंजू वनराजा, साल्हेकापा की मायादेवी जायसवाल, नेवसा की अनिता ठाकुर, खठोलिया की गायत्री कश्यप, गोकुलपुर की सुनीता बघेल, गनियारी की शिल्पा वैष्णव, महुआकापा के गौरीशंकर कौशिक, टिकरी की प्रगति साहू, परसाकापा रूपमणी कश्यप, मस्तूरी के ग्राम भगवान पाली के बीएलओ हरिचंद्र वर्मा, कुकदा के बीएलओ बजरंग प्रसाद बरेठ, देवीनारायण पटेल, श्रवण कुमार देवांगन शामिल हैं। इसी तरह पकरिया की हेमलता सिंह, गतौरा के मिन्टु सांडे एवं हेमलता राठौर शामिल है। इसके अलावा बेलतरा के ग्राम मोहतराई के बीएलओ अशोक राव, हरदीडीह के कमलेश कुमार काछी, रेलहा की विमला, कोटा क्षेत्र के ग्राम रानीसागर की बीएलओ त्रिवेशी सिंह ठाकुर, कसईबहरा के अजय कुमार पैकरा, बृजभान सिंह श्याम, जोगीपुर के स्नेक मरावी, नंदेश्वरी मरावी, टेंगनमुड़ा के लक्ष्मी कोरी, खैरझिटी के कृष्णाबाई बैगा, लक्ष्मीन लहरे और जगदीश सिंह पैकरा शामिल हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान के डिस्ट्रिक्ट आइकॉन नियुक्त

**बिलासपुर।** जिले में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी व व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से



जिला प्रशासन द्वारा दो डिस्ट्रिक्ट आइकॉन नियुक्त किए गए हैं। इसमें कलापथक कलाकार लीलाधर भांगे एवं तैराकी प्रशिक्षक सुश्री दुर्गा यादव को डिस्ट्रिक्ट आइकॉन नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का उद्देश्य जिलेभर में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना और स्वीप गतिविधियों को अधिक सशक्त बनाना है। सुश्री दुर्गा यादव व लीलाधर भांगे विभिन्न मंचों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क से नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराएंगे ।

### सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण दिव्यांगों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा क्षितिज अपार संभावनाएं योजना के अंतर्गत सिविल सेवा परीक्षाओं में सफल दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। इस योजना में प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 20 हजार रुपए, मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 30 हजार रुपए तथा चयनित अभ्यर्थियों को 50 हजार रुपए एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना का लाभ केवल दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए है। आवेदन के लिए 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र, यूनिक आईडी, आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर तथा सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र आवश्यक है। निर्धारित प्रपत्र में राजपत्रित अधिकारी से अभिप्रमाणित आवेदन पत्र संयुक्त संचालक, समाज कल्याण विभाग, पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्रमांक 04 में जमा करना होगा।

---

**रखवाली के लिए रात भर खलिहान में डटे हैं किसान** | **न ऑनलाइन, न मैनुअल, बड़े किसानों का टोकन के लिए कहीं नंबर नहीं**

# टोकन के अभाव में खलिहानों में कट रही बड़े किसानों की रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



फसल की कटाई और मिसाई के बाद टोकन प्राप्त नहीं हो पाने के कारण किसानों का रतजगा इन दिनों फसल की रखवाली के लिए खलिहानों में हो रहा है। खलिहानों में रतजगा करने वाले ज्यादातर लोग बड़े किसान हैं, जिन्हें टोकन तुंहर हाथ एप से तो टोकन मिल ही नहीं पा रहा है, वहीं मैनुअली टोकन लेने सोसायटी जाने पर उन्हें हाउसफुल का बोर्ड पढ़ने को मिल रहा है।

जिले के बड़े किसानों की स्थिति इन दिनों मुंशी प्रेमचंद की लिखी कहानी 'पूस की रात' के मुख्य किरदार 'हल्कू' के जैसी हो गई है। किसान खा-पीकर फसल की रखवाली के लिए पूरी रात अपने खलिहानों में ही नजर आ रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि सहकारी समितियों में फसल की बिक्री के लिए उन्हें फिलहाल टोकन प्राप्त नहीं हो सका है। धान की मात्रा कम होती तो छोटे किसानों की तरह वे भी अपने धान अपने निवास स्थान में ही रख लेते, जिससे उन्हें अलग से रखवाली नहीं करनी पड़ती। चूंकि बड़े किसानों का रकबा अधिक होता है, जिससे उत्पादन भी अधिक होता है। ऐसे में धान की बड़ी मात्रा को घर में भी नहीं रखा जा सकता। लिहाजा पैरे के घरौंदे बनाकर व रात भर आग के सहारे किसान अपनी साल भर की कमाई सुरक्षित कर रहे हैं।

शुरूआती दौर में बीते साल भी टोकन जारी करने का अनुपात कुछ ऐसा ही था। किसानों को परेशानी होने एवं लगातार मांग के बाद प्रशासन द्वारा अनुपात को बदलना पड़ा था। हालांकि प्रशासन का कहना है कि धान खरीदी के लिए जिले के सभी उपार्जन केंद्रों को दी गई लिमिट के अनुपात में अभी खरीदी ही नहीं हो पा रही है, जिससे टोकन जारी करने का अनुपात बढ़ाने की जरूरत नहीं है। प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार अनुपात में बदलाव कर दिए जाने की बात भी कही गई है, ताकि किसी भी वर्ग के किसान को धान बेचने में दिक्कत न हो।

### 70-30 के अनुपात ने बिगाड़ा समीकरण

सहकारी समितियों में धान बेचने के लिए टोकन प्राप्त करने शासन द्वारा वर्तमान में 70-30 का अनुपात तय किया गया है। सारी समितियों को प्रतिदिन धान की कितनी खरीदी करनी है, इसकी लिमिट तय है। चूंकि अभी धान खरीदी की शुरूआत है, जिससे फिलहाल अभी प्रतिदिन की लिमिट एक हजार से 12 सौ क्विंटल तय की गई है। तय लिमिट की 70 प्रतिशत खरीदी के लिए टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाईन जारी किया जाना है। इसके साथ ही शेष 30 प्रतिशत लिमिट के टोकन समितियों में जाकर मैनुअली प्राप्त किए जा सकेंगे। बड़े किसानों द्वारा समितियों से जारी 30 प्रतिशत की लिमिट को ही 50 प्रतिशत करने की मांग की जा रही है।

### चर्चा की जाएगी

समितियों में मैनुअली एवं एप के माध्यम से टोकन काटने का अनुपात शासन स्तर से तय है। वर्तमान अनुपात में टोकन लेने में किसानों को अगर किसी भी तरह की परेशानी हो रही हो तो अनुपात में परिवर्तन हेतु शासन स्तर पर चर्चा कर ली जाएगी।

–संजय अग्रवाल, कलेक्टर

---

**संतरागाछी से जबलपुर के बीच चलने वाली हमसफर के पूरे एसी कोच व फ्लैक्सी फेयर**

# दूरंतो की तरह हमसफर एसी कोच की ट्रेन 11 से 15 घंटे लेट, यात्री परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दूरंतों ती तरह ही संतरागाछी से जबलपुर के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस भी है, जिसके पूरे एसी कोच और फ्लैक्सी फेयर हैं। इसके बावजूद ट्रेनों की चाल इतनी धीमी है कि दोनों कों बिलासपुर तक पहुंचने में 11 से 15 घंटे का समय लग रहा है। इसकी वजह से बिलासपुर से इंदौर की ओर जाने वाली नर्मदा सहित अन्य कनेक्टिंग ट्रेनें स्टेशन से बहुत दूर निकल जा रही है।

रेलवे प्रशासन वर्तमान में चारों ओर केवल अधोसंरचना का काम कर रही है। इस अधोसंरचना के काम में केवल यात्री गाड़ियों के पहियों को थामने का काम किया जाता है। जिस रूट पर लाइन व अन्य काम होते हैं, उस लाइन पर मालगाड़ियां धड़ल्ले से निकाल दी जाती है। ट्रेनों को रद्द करना तो दूर जो ट्रेन पटरी पर चल रही है वह भी समय पर एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की दूरी समय पर तय नहीं कर पा रही है। इसके कारण ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के साथ स्टेशन पर ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बिलासपुर से चलने और आने-जाने वाली गाड़ियों में सबसे अधिक परेशानी हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के यात्रियों को हो रही है। इसमें सबसे अधिक परेशान दूरंतो और आजाद हिंद एक्सप्रेस के यात्री हो रहे हैं। राजधानी, शताब्दी के बाद दूरंतों, हमसफर एक ऐसी ट्रेन है, जिसमें यात्रियों से फ्लैक्सी फेयर यानि बर्थ कम होने के साथ ही चार गुना से अधिक किराया वसूली रेलवे कर रही है।

इस ट्रेन के सभी कोच एसी हैं। रेलवे की समय सारिणी के अनुसार सीएसएमटी और हावड़ा के बीच चलने वाली दूरंतो एक्सप्रेस को एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की दूरी 7 घंटे के अंदर पूरी करनी है। यह ट्रेन मुम्बई से राइट टाइम तो रवाना कर दी जाती है, लेकिन ट्रेन रवाना होने और दूसरे स्टेशन पहुंचने तक पैसेंजर की तरह हो जाती है। इस ट्रेन को छोटे-छोटे स्टेशनों पर घंटों नियंत्रित कर दिया जाता है।

### इन ट्रेनों की लेट लतीफी

- सुबह 9 बजे आने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस दोपहर 1 बजे यानि 4 घंटे लेट।
- सुबह 11 बजकर 35 मिनट पर आने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस दोपहर 3 बजे के बाद यानि साढ़े 3 घंटे लेट।
- सुबह 9 बजे आने वाली 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस शाम 4 बजे के बाद यानि 7 घंटे लेट।
- सुबह 7 बजकर 5 मिनट पर आने वाली 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस शाम 4 बजे के बाद यानि 9 घंटे से अधिक लेट।
- दोपहर 2 बजकर 55 मिनट पर आने वाली 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो एक्सप्रेस शाम 6 बजे के बाद यानि 3 घंटे लेट।
- सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर आने वाली 12102 शालीमार-मुम्बई एलटीटी एक्सप्रेस शाम 5 बजे के बाद यानि 9 घंटे से अधिक लेट।
- सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर आने वाली 20807 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस शाम 5 बजे यानि 14 घंटे लेट।
- सुबह 4.45 बजे आने वाली 07006 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन रात 8 बजे के बाद यानि 16 घंटे लेट।
- दोपहर 2.15 बजे आने वाली 18477 पुरी-ऋषिकेश योगनगरी उत्कल एक्सप्रेस रात 8 बजे के बाद यानि 6 घंटे लेट।
- सुबह 9.50 बजे आने वाली 12261 सीएसएमटी-हावड़ा एसी दूरंतो एक्सप्रेस रात 9 बजे के बाद यानि 12 घंटे लेट।

0 शाम 4.20 बजे आने वाली 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस देर रात 12 बजे के बाद यानि 7 घंटे से अधिक लेट।

---

# नागपुर से छिंदवाड़ा जबलपुर को बिलासपुर तक विस्तार करें

- छात्र युवा रेलवे जोन संघर्ष समिति ने नई दिल्ली में सौंपा केन्द्रीय राज्यमंत्री को ज्ञापन



**बिलासपुर।** नागपुर से शहडोल व्हाया छिंदवाड़ा जबलपुर के बीच चल रही ट्रेन को बिलासपुर तक बढ़ाने और बिलासपुर से भोपाल व्हाया गोंदिया से बा ला घा टा छिंदवाड़ा ट्रेन चलाने की मांग छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने नई दिल्ली जाकर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से की है।

दपूमरे का मुख्यालय बिलासपुर है और इसका क्षेत्र छिंदवाड़ा तक आता है, परंतु जबलपुर गोंदिया लाइन और नैनपुर से छिंदवाड़ा लाइन पर पढ़ने वाले स्टेशनों से कोई सीधी रेल सुविधा जोन मुख्यालय बिलासपुर को नहीं है। पहले यह पूरा इलाका छोटी लाइन की रेल का हुआ करता था। अब यह बड़ी लाइन में बदल गया है। इस क्षेत्र में पढ़ने वाले नैनपुर जंक्शन पर सिग्नल और टेलीकॉम का बहुत बड़ा ट्रेनिंग सेंटर है वहां भी सीधे जाने के लिए बिलासपुर से कोई ट्रेन नहीं है। हाल ही में जो रायपुर जबलपुर ट्रेन चलाई गई है, वह बालाघाट नैनपुर जाती है, परंतु बिलासपुर में यह ट्रेन की सुविधा नहीं है। ज्ञापन में समिति ने नागपुर से शहडोल के बीच चलने वाली 11201 और 11202 इंटरसिटी एक्सप्रेस को बढ़कर बिलासपुर तक चलाने की मांग की है। यह ट्रेन नागपुर से छिंदवाड़ा छिंदवाड़ा से सिवनी फिर नैनपुर और जबलपुर कटनी होकर शहडोल तक आती है। समिति ने कहा कि उक्त ट्रेन 11 घंटे में यह सफर पूरा करती है। इसे शहडोल से बिलासपुर लाने में 3 घंटे और लगेंगे, क्योंकि दो प्रथक-प्रथक रैक शहडोल और नागपुर से सुबह रवाना होते हैं। अतः यह ट्रेन बहुत आसानी से बिलासपुर तक बढ़ाई जा सकती है। इसके लिए केवल समय सारणी में आंशिक परिवर्तन करना होगा। समिति ने बिलासपुर से भोपाल के बीच एक नई तरह साप्ताहिक ट्रेन वाया गोंदिया बालाघाट नैनपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतूल, इटारसी होकर चलाने की मांग की है। समिति ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से न केवल बालाघाट से छिंदवाड़ा के बीच के लोगों को भोपाल के लिए एक नई ट्रेन मिलेगी। वहीं रायपुर बिलासपुर आने के लिए भी एक अच्छा विकल्प उपलब्ध होगा। समिति द्वारा दिए गए ज्ञापनों पर राज्य मंत्री तोखन साहू ने उक्त दोनों ट्रेन की मांग रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से करने का भरोसा दिलाया है।

---

# राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दिसंबर में

**बिलासपुर।** बिलासा सेवा समिति द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मछुवारा समाज विद्यार्थियों के लिए 25 दिसम्बर गुरुवार को बंगाली उच्च माध्यमिक विद्यालय रेलवे स्टेशन रोड तोरवा थाना के सामने आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने पंजीयन की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर तक आनलाइन व आफलाइन करा सकते हैं।

परीक्षा लिखित परीक्षा होगी। समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र कैवर्त ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 51 हजार रुपए पुरस्कार राशि वितरण किया जाएगा। इस राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार 1 रुपए व मोमेंटो, द्वितीय पुरस्कार 11001 व मोमेंटो व तृतीय पुरस्कार 5001 व मोमेंटो दिया जाएगा।। इसके अलावा सांत्वना पुरस्कार चौथे स्थान से बारहवें स्थान प्राप्त प्रत्येक विद्यार्थी को 1001 व 13 वें से 22 वें स्थान प्राप्त प्रत्येक विद्यार्थी को 501 रुपए पुरस्कार राशि दी जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए बिलासपुर, रायपुर एवं राजनांदगांव को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। समिति के काशी कैवर्त ने बताया कि रिपोर्टिंग समय सुबह 10 बजे से है। सुबह 11 बजे परीक्षा प्रारंभ होगी। दोपहर 1 बजे समाप्त होगी । परीक्षा अवधि 120 मिनट है। परीक्षा में भाग लेने के लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं उत्तीर्ण व अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। छत्तीसगढ़ मछुवारा समाज के वह विद्यार्थी जो केवट निषाद, धीवर, कहरा,कहार, मल्लाह व मांझी समाज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। विकलांग विद्यार्थियों के लिए पंजीयन निःशुल्क रहेगा। बिलासपुर परीक्षा केंद्र में सभी विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था होगी। अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए बिलासा छात्रावास केवट निषाद समाज चांटीडीह व लिंगियाडीह बिलासपुर से संपर्क कर सकते हैं।

# एवीएम में स्पोर्ट्स इंजरी, ओवरव्यू एवं प्रिवेंशन पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल, अपोलो हॉस्पिटल्स एवं बिलासपुर क्रिकेट संघ के संयुक्त तत्वावधान में अपनी तरह का पहला स्पोर्ट्स इंजरी ओवरव्यू एवं प्रिवेंशन पर ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में किया गया।



मुख्य वक्ता अपोलो के हड्डी रोग एवं स्पोर्ट्स इंजरी विशेषज्ञ डॉ. सूर्यांश नेमा, अतिथि जिला क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि अजय जाड़े, विद्यालय के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव, निदेशक एसके जनास्वामी और प्राचार्या जी.आर. मधुलिका की उपस्थिति रही। डॉ. सूर्यांश नेमा ने विद्यार्थियों को खेलों के दौरान होने वाली चोटों, उनके कारणों और उनकी सही रोकथाम के बारे में सरल एवं व्यवहारिक तरीके से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेलों में लगने वाली अधिकांश चोटें जैसे क्रैम्प, स्ट्रेन, लिगामेंट इंजरी, ट्विस्टिंग पेन और शोल्डर डिसलोकेशन अक्सर गलत मुद्रा, अचानक झटकों, पर्याप्त वार्म-अप न करने और शरीर में डिहाइड्रेशन के कारण होती हैं।

उन्होंने पानी की पर्याप्त मात्रा लेने पर बल दिया और बताया कि शरीर में पानी की कमी क्रैम्प का सबसे बड़ा कारण है। इसलिए खिलाड़ियों को दिनभर नियमित रूप से पानी पीना चाहिए। उन्होंने छात्रों को चोट लगने पर अपनाए जाने वाले प्रसिद्ध आरआईसीई फॉर्मूला को विस्तार से समझाया और चेतावनी दी कि यदि दो दिनों से अधिक कोई दर्द बना रहे तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना अनिवार्य है। सत्र के दौरान छात्रों ने प्रश्न पूछे, जिनमें बिना एक्स-रे के कैसे पता चले कि फ्रैक्चर है? जैसे जिज्ञासु सवाल भी शामिल थे। इसका उत्तर देते हुए डॉ. नेमा ने बताया कि असहनीय दर्द, सूजन, अंग का असामान्य आकार और हिलाने में असमर्थता स्पष्ट फ्रैक्चर के संकेत होते हैं।

कार्यक्रम में चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने छात्रों को अनुशासन, फिटनेस और खेलों में सुरक्षा के महत्व पर बल दिया। निदेशक एसके जनास्वामी ने कहा कि ऐसे सत्र छात्रों की खेल-जागरूकता को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार खिलाड़ी बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। प्राचार्या जीआर मधुलिका ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं खेल भावना को सुदृढ़ बनाते हैं।

---

**एडमिशन लिए 28 हजार स्टूडेंट, परीक्षा फार्म भरा केवल 25 हजार 500 ने**

# कालेजों में एडमिशन लेने वाले ढाई हजार स्टूडेंट कहां गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में इस सत्र विभिन्न पाठयक्रमों में 28 हजार 121 स्टूडेंट्स ने एडमिशन लिया था, लेकिन जब सेमेस्टर परीक्षा व नामांकन फार्म भराया गया तो केवल 25 हजार 525 स्टूडेंट्स ने फार्म भरा है। अब यूनिवर्सिटी ढूंढ रही है कि बाकी ढाई हजार स्टूडेंट कहां गायब हो गए हैं।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा सेमेस्टर एग्जाम दिसंबर माह में आयोजित की जाएगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने काफी पहले ही आनलाइन परीक्षा फार्म के साथ नामांकन फार्म भराना शुरू कर दिया था। बीच में दो बार परीक्षा, नामांकन फार्म भरने की तिथि भी बढ़ाई गई। लेकिन उसके बाद भी जितने छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया था, उतने छात्र-छात्राओं ने परीक्षा, नामांकन फार्म नहीं भरा है। यह यूनिवर्सिटी के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। शिक्षण सत्र 2025-26 में अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी समेत संबद्ध गवर्नमेंट और प्राईवेट कालेजों में कुल 28 हजार 121 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिया था, जबकि परीक्षा फार्म की तिथि समाप्त होने के बाद कुल 25 हजार 525 छात्र-छात्राओं ने ही परीक्षा फार्म के साथ नामांकन भरा है। वहीं एडमिशन लेने वाले 2 हजार 596 स्टूडेंट्स परीक्षा, नामांकन फार्म ही नहीं भरे हैं। इसलिए यूनिवर्सिटी भी पसोपेश में है कि अब उन स्टूडेंट्स को कहां से ढूंढा जाए।

### कुछ स्टूडेंटस ने एडमिशन के बाद छोड़ा कालेज

ऐसा माना जा रहा है कि जिन स्टूडेंटस ने बार-बार तिथि बढ़ाए जाने के बाद भी नामांकन फार्म और परीक्षा फार्म नहीं भरे हैं। उनमें से कई स्टूडेंट्स एडमिशन के बाद कालेज छोड़ दिए हैं। क्योंकि उनमें से कई बहुत से फ्रेशर स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग या अन्य तकनीकी, एग्रीकल्चर आदि पाठयक्रमों में प्रवेश ले लिए हैं तो कुछ आगे की पढ़ाई के लिए ड्राप ले लिया है।

### आखिरी बार बढ़ाई गई फार्म की तिथि

एडमिशन लेने वालों से परीक्षा, नामांकन फार्म भरने वाले स्टूडेंटस की कम संख्या को देखते हुए यूनिवर्सिटी ने अंतिम अवसर देते हुए एक बार फिर परीक्षा व नामांकन फार्म भरने की तिथि आगे बढ़ा दी है। 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ ऐसे स्टूडेंट्स अपना परीक्षा, नामांकन फार्म आनलाइन भर सकते हैं और 4 दिसंबर तक आनलाइन फार्म की हार्डकापी, शुल्क भुगतान रसीद आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ यूटीडी एवं कालेजों में जमा कर सकते हैं।

### मार्कशीट व आधार कार्ड के नाम में भिन्नता

अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों कालेजों में फर्स्ट ईयर में एडमिशन लेने वाले पांच हजार से अधिक स्टूडेंटस के बारहवीं कक्षा के मार्कशीट और उनके आधार कार्ड के नाम में भिन्नता पाया गया है। इसके चलते उनके एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा था। छात्रहित में प्रवेश प्रक्रिया के समय ऐसे छात्र-छात्राओं को प्रवेश दे दिया गया था, किन्तु बाद में नामांकन व परीक्षा फार्म भराने के समय आने पर यूनिवर्सिटी की ओर से शिविर लगाकर कई स्टूडेंट्स का आधार कार्ड में नाम त्रुटि को सुधरवाया गया है। बावजूद इसके कई स्टूडेंट्स इस समस्या के चलते भी फार्म नहीं भर पाए हैं।


# मित्तल फर्नीचर में वेडिंग स्पेशल आफर 20% की छूट



बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** मित्तल फर्नीचर में इन दिनों वेडिंग स्पेशल आफर चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्राहकों को 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल और पवन मित्तल ने बताया कि शादी विवाह के सीजन को देखते हुए अभी वेडिंग विशेष ऑफर चलाया जा रहा है, जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही एक्सचेंज ऑफर भी चलाया जा रहा है । उन्होंने बताया कि मैरिज पैकैज चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अलमारी बेड मैट्रेसेस मात्र 49000 से शुरु है। संचालक ने बताया कि हमारे यहां सोफ़ा, बेड, दीवान, अलमारी, क्रोकरी सेट, एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉक में उपलब्ध है। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत 23 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच महाराणा प्रताप चौक के पास व्यापार विहार रोड में अब नई साज-सज्जा के साथ स्थित है। वहां भी ऑफर चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं।

बिलासपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

शहर के गिरजाघरों में क्रिसमस पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। मसीही समाज के लोग चर्च एवं घरों का रंग-रोगन व खरीददारी करने लगे हैं। चर्च में होने वाले आयोजनों की प्लानिंग के साथ रूपरेखा बनाई जा रही है।



तैयारी जोरों पर, होने लगा है चर्च, घरों का रंग-रोगन





## क्रिसमस पर गिरजाघरों में आराधना के साथ होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रिसमस पर्व हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे पवित्र और प्रिय त्योहार है। इसे प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह दिन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि शांति, प्रेम और एकता का प्रतीक भी है। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री सजाने की परंपरा इसे और भी खास बनाती है। इस त्यौहार की उनके द्वारा महिनों तैयारियां की जाती है। घरों में क्रिसमस ट्री सजाए जाते हैं। क्रिसमस पर लगने वाले सितारे प्रकाश के प्रतीक माने जाते हैं जो कि जीवन में उत्साह और उमंग का संचार करता है। ट्री पर लगाई जाने वाली रोशनी ईश्वर के प्रकाश का प्रतीक है, जो हर कठिनाई में मार्गदर्शन करता है। क्रिसमस ट्री के नीचे रखे जाने वाले उपहार प्रेम, उदारता और आपसी स्नेह का प्रतीक हैं। यह परंपरा बच्चों और परिवार के सदस्यों के बीच विशेष खुशी लेकर आती है।

### पर्व को लेकर हैं उत्साहित

चर्च ऑफ़ ख्राइस्ट सीएमडी चौक में मसीही समाज के लोगों द्वारा क्रिसमस की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इस पर्व को लेकर मसीहियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। घरों एवं चर्चो की सफाई कर रंगीन विद्युत बल्बों, झालरों से सजाया जा रहा है। पास्टर सुदेश पॉल ने बताया कि क्रिसमस ट्री, गौशाला बनाना, घरों के ऊपर स्टार लगाना यह सब यीशु मसीह के जन्म की खुशियों को चित्रित करता हैं। वहीं बच्चे नए-नए वस्त्र, क्रिसमस गिफ्ट लेने, अपने माता-पिता, परिवार के बड़े बुजुर्गों से उपहार और चर्चों से क्रिसमस ट्री ईनाम में पाने काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि समाज के कई बच्चे अपने पॉकेट मनी को वर्ष भर इकट्ठा करते हैं। उस राशि से अपने-अपने बेस्ट फ्रेंड को क्रिसमस का उपहार देने एवं अधिकांश क्रिश्चियन परिवार अपने पड़ोसी, मोहल्ले एवं अन्य बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट देने की प्लानिंग कर रहे हैं।

### कई कार्यक्रम होंगे

पास्टर श्री पॉल ने बताया कि क्रिसमस पर चर्च में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें क्रिसमस ड्रामा, संडे स्कूल के बच्चों को इनाम वितरण, क्रिसमस ट्री उपहार, गड़रिया दल द्वारा कैरल सिंगिंग, बुजुर्गों का सम्मान, केक वितरण, खेलकूद, पिकनिक, क्रिसमस मिलन समारोह, कोरियोग्राफी, विधवा माता बहनों को चर्च की ओर से विशेष उपहार देना शामिल है। इन सभी कार्यक्रमों को भव्य रूप देने भाई विल्सन जॉन, मुकेश पॉल, शामुएल, प्रवीण, अरविंद कुमार, सनी, राकेश, जेम्स, अनूप, विवेक, बोल्डी, शशांक, आयुष, स्वप्निल, नीतेश, नार्मन, मंजू, अरूणा, माग्रेट, सरिता, शीबा, अरूणा, रूत बारा, मधुबाला, मीनू, एंजलिना, ज्योति, प्रीति, सुनीता, सरिता, श्वेता, रीना, एंजलिना, फ्रेनी जुटे हैं।

### आराधना से होगा पर्व का शुभारंभ

डिसाइपल्स ऑफ ख्राइस्ट चर्च सिविल लाइन में रविवार 30 नवंबर रविवारीय आराधना से पर्व का शुभारंभ होगा। पास्टर अनुराग नथानियल ने बताया कि आराधना सारसलय में प्रातः सवा 10 की जाएगी। 7 दिसंबर रविवार को प्रातः पौने 11 से पौने 12 बजे तक सण्डे स्कूल वाईवा परीक्षा होगी। रविवारीय आराधना के संचालक, उत्तरवादीपाठ, प्रार्थना, प्रभु-भोज, अनीता पीटर्स, सीमा फिलिप्स, नीलेश्वर सुख, अनुदीपक जेम्स, भेंटो की प्रार्थना एस. छत्तर, एकता ममीत करेंगे। बाईबल पठन व संदेश रेव्ह स्वप्निल नवगिरे, आशय दास, आराधना दास, सोनल कालेश देंगे। 14 दिसंबर रविवार को प्रातः सवा 10 बजे धन्यवादी पर्व की आराधना होगी। इसके अलावा क्रिसमस कार्निवाल, क्रिसमस ट्री, बच्चों व जवानों का जलसा, महिला सभा की विशेष आराधना, बच्चों, जवानों व महिला सभा द्वारा संगीतमय ज्योतिर्मिय व ख्रीष्ट जन्मोत्सव की आराधना के साथ पर्व की खुशियां बांटी जाएगी। इसी तरह शहर के अन्य चर्च में भी क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर है।

एग्जाम अपडेट

## लिखित परीक्षा के जरिए भरे जाएंगे नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के पद



**बिलासपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा तिथि का ऐलान कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 14,967 रिक्तियों को भरने का उद्देश्य है। भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टियर 1 परीक्षा, जनवरी 2026 में इस तीन वेबसाइट के आयोजित की जाएगी। जरिए 4 दिसंबर भर्ती के लिए आवेदन तक कर सकते हैं आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार सीबीएसई, नवोदय विद्यालय अथवा केंद्रीय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने और फीस भुगतान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस भर्ती का लक्ष्य केवीएस में 9126 और एनवीएस में कुल 5841 पदों को भरना है।

### जनवरी में होगी परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती अधिसूचना के अनुसार, टियर-1 परीक्षा 10 और 11 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र, आवंटित परीक्षा शहर, परीक्षा कार्यक्रम और टियर-1 के प्रवेश पत्र की जानकारी उम्मीदवारों के ऑनलाइन लॉगिन में समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि, उम्मीदवार परीक्षा से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा, जिसमें लिखित परीक्षा (टियर-1), कुछ पदों के लिए कौशल परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा शामिल हैं। सभी पदों के लिए आवश्यकता अहर्ता संबंधित जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

कार्यक्रम

## झूलेलाल मंदिर में कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति





**बिलासपुर।** दादा साधु वासवानी का 146 वां अवतरण दिवस साधु वासवानी सेंटर ने झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में मनाया। इस दौरान गोस्वामी म्यूजिकल पार्टी ने भक्ति भरे भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। इसके पूर्व लोगों को जागरूक करने व शाकाहार अपनाने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई थी। शहर के कई स्कूलों में जाकर फॉर्म भरवाए गए थे। जिसमें स्कूल के बच्चे मांस का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। श्री झूलेलाल मंदिर में कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल बाबा गुरमुख, दादा साधु वासवानी, दादा जेपी वासवानी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। डॉ अभिषेक कलवानी ने कई ज्ञानवर्धक बातों की जानकारी दी। डॉ रमेश कलवानी ने दादा साधु वासवानी के जीवन के बारे में प्रकाश डाला। राजेश कलवानी ने दादा के जीवन के उपदेश के बारे में बताया। नानक पंजवानी ने कहा कि जिस तरह उन लोगों ने 25 नवंबर को मांस, मटन, मदिरा का सेवन नहीं किया। इसी तरह आगे भी इसे जारी रखें तो उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर रहेगा। कलवानी परिवार ने संत सांई लालदास का सत्कार किया एवं केक काटकर दादा का अवतरण दिवस मनाया गया। सांईजी ने रमेश, सपना कलवानी का सम्मान कर भगवान झूलेलाल का छाया चित्र भेंट किया। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

शिविर

## स्वयंसेवकों ने नेत्रदान, देहदान के महत्व की दी जानकारी



**बिलासपुर।** संत गुरुघासीदास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम पंचायत मनवा, जैतपुर में विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। इसमें नेत्रदान, देहदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुनीता कुर्रे के नेतृत्व में आयोजित है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं पूजन के साथ की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि रेखा गुल्ला सदस्य रासेयो एयू तथा विशिष्ट अतिथि एम.एम. गुल्ला उपाध्यक्ष सक्षम, सावित्री बंजारे प्रधानपाठक मनवा एवं धनेश रजक छात्र प्रतिनिधि रासेयो थे। मुख्य अतिथि श्रीमती गुल्ला ने स्वयंसेवकों को प्री-आरडीसी एवं नेत्रदान के महत्व पर प्रेरक जानकारी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि श्री गुल्ला ने सड़क सुरक्षा एवं देहदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। पूर्व सलाहकार धनेश रजक ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सात दिवसीय विशेष शिविर की महत्ता एवं युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। अतिथियों का स्वागत छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप ठुमकी पहनाकर किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुर्रे ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वदेशी खादी को मिल रहा बेहतर प्रतिसाद

स्थानीय सीएमडी कॉलेज मैदान में चल रहे स्वदेशी खादी महोत्सव में इन दिनों ग्राहकों का बेहतर रुझान देखने को मिल रहा है। शहर के कोने-कोने से ग्राहक भारी संख्या में यहां आ रहे हैं और अपनी मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। देश को स्वावलंबी बनाने में अपनी एक अहम भूमिका निभा रहे हैं।



**बिलासपुर।** उक्त स्वदेशी खादी महोत्सव छत्तीसगढ़ खादी बोर्ड एवं पंजीकृत इकाइयों शुभ वेंचर द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है। प्रदर्शनी में खादी कुर्ते, शर्ट, पजामा, लेडीज कुर्तियां, साड़ी, कोसा सिल्क, पशमीना सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी सिल्क,खादी गमछे एवं कॉटन साड़ियों तथा सूट के भरमार है। प्रदर्शनी में हथकरघा एवं हस्तशील वस्तुओं पर विशेष छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी में 10% से लेकर के 20% तक का स्पेशल छूट दिया जा रहा है।

इसके अलावा प्रदर्शनी में लखनऊ चिकन, बनारसी साड़ी, हैदराबादी साड़ी, पिलखुआ के बेडशीट, झांसी के बेडशीट्स, सीतापुरी दरी, त्रिचुर के कपड़े, जयपुरी मुखवास, गर्म मोजे, कर्नाटक के लकड़ी के खिलौने, कश्मीरी शाल साड़ी एवं सूट, सहारनपुर फर्नीचर, भदोही के कारपेट, घरेलू उत्पाद अचार पापड़ और मुरब्बा सहित लाखों वैरायटीयों का एक अनुपम संग्रह एक ही छत के नीचे आकर्षण केंद्र बना है। प्रदर्शनी सीमित समय के लिए है। अध्यक्ष खादी बोर्ड राकेश पांडेय व सहयोगी संस्थान से अनुराग मिश्रा ने आह्वान किया है कि स्वदेशी अपनाए बेहतर राष्ट्र निर्माण देश को स्वावलंबन की ओर ले जाने की दिशा में अपनी मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी कर लाभ उठाएं।



## जीडीसी की छात्राओं ने किया सोमनाथ मंदिर शिवनाथ-खारुन नदी के संगम का दर्शन

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय की हिंदी, पत्रकारिता और संगीत विभाग की छात्राओं का बहु-विषयक शैक्षणिक भ्रमण दल एकदिवसीय यात्रा पर सिमगा के सोमनाथ मंदिर और शिवनाथ खारुन नदी के संगम का दर्शन किया। प्राचार्य डॉ एस आर कमलेश के कुशल निर्देशन एवं डॉ हरिणी रानी आगर के कुशल नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं का दल सिमगा के पास प्रख्यात सोमनाथ मंदिर और शिवनाथ-खारुन नदी के संगम का दर्शन किया। वहां के भौगोलिक और प्राकृतिक स्थितियों का अवलोकन किया। मंदिर और आसपास के लोगों से मंदिर के महत्व और लोक मान्यताओं पर चर्चा की।

घटारानी में जलप्रपात और पर्यावरण में वनस्पतिक व जैव विविधता का अवलोकन किया। वहां मां काली और मां घटारानी की स्थापित मूर्तियों के दर्शन किए। जतमई में जल प्रपात और कुंड के अवलोकन के साथ ही मां जतमई दाई के दर्शन लाभ लिए। राजिम नदी के शानदार नजारे से रूबरू हुए। महाप्रभु वल्लभाचार्य की जन्मभूमि चंपारण में भव्य मंदिर परिसर, गौशाला, स्वयंभू महादेव मंदिर, राम जानकी मंदिर, वल्लभाचार्य की बैठकी आदि के दर्शन किए और आरती में भाग लिया। शैव, वैष्णव और शाक्त संप्रदाय के इन स्थलों के शैक्षणिक भ्रमण से विविध संस्कृतियों, भक्ति परंपराओं, प्राकृतिक विविधताओं, जैव विविधताओं, मूर्तिकला, वास्तु कला और स्थापत्य कलाओं में विविधताओं के बावजूद छत्तीसगढ़ी अस्मिता और अखंड भारतीयता को जानने और समझने का प्रयास किया गया। इन अलग अलग स्थलों की लोक मान्यताओं, पूजा पद्धतियों, लोक गीतों, लोक कथाओं, लोक गाथाओं और लोक नृत्यों का अध्ययन और विश्लेषण करते हुए इन विषयों पर छात्राओं द्वारा प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में परियोजना कार्य तैयार किया जाएगा।

इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉ हरिणी रानी आगर, डॉ हेमन्त पाल घृतलहरे, डॉ शाजिया अली, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ मीनाक्षी पाण्डेय, डॉ अवनीश कुमार सिंह, सुश्री अलका शुक्ला, दीपिका दुबे सहित 50 छात्राएं उपस्थित थीं। इसे सफल बनाने में प्राची सिंह, ज्योति राजपूत, मेघा, अनुसुइया, भावना, आकांक्षा, काजल आदि का योगदान रहा।

कार्नर न्यूज

## घर के गार्डन में बिखरेगी पिटुनिया, गेंदा एस्टर और एंथोरियम फूलों की रंग-बिरंगी छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्दियों के मौसम में घर के गार्डन को देशी-विदेशी रंग-बिरंगे फूलों से सजाने का ट्रेंड चल रहा है। बागवानी के शौकीन अपने गार्डन को नए फूलों से सजाने में जुट गए हैं। इस मौसम में लगने वाले फूल न सिर्फ ठंड के मौसम को खुशनुमा बना देते हैं, बल्कि घर के माहौल में भी ताजगी और रंगों से भर देते हैं।

शहर के बागवानी विशेषज्ञ कमल साहू बताते हैं कि देशी फूलों की कई वैरायटी हैं, जो होम गार्डन में चार चांद लगा सकता है। यह देशी फूलों के पौधे सरल विधि से गार्डन में रोपे जा सकते हैं। गार्डन को फूलों से सजाने वालों के लिए नवंबर में गेंदे का पौधा सबसे लोकप्रिय विकल्प हो सकता है। इसकी देखभाल आसान होती है और यह ठंड में खूब खिलता है। गेंदा के फूल पीले, नारंगी और सुनहरे रंग में मिलते हैं, जो घर के गार्डन को बेहद आकर्षक बनाते हैं। यह फूल लंबे समय तक खिलता है और शादी या धार्मिक आयोजनों में भी खूब इस्तेमाल होता है। अगर आप रंग-बिरंगे फूलों से अपनी बालकनी या आंगन को सजाना चाहते हैं तो पेटुनिया एक बढ़िया विकल्प है। इसके फूल लाल, गुलाबी, बैंगनी, सफेद और नीले रंगों में खिलते हैं। इसे धूप वाली जगह पर लगाना सबसे अच्छा रहता है।

### नर्सरी में इन फूलों के पौधों की डिमांड

नर्सरी के संचालक उमेश श्रीवास्तव का कहना है कि सर्दियों के मौसम के शुरुआत के साथ ही शहर में फूलों के पौधों की डिमांड बढ़ जाती है।





इस मौसम में फूलों की वैरायटी जैसे पिटुनिया, गेंदा (मैरीगोल्ड), एस्टर और एंथोरियम की सबसे ज्यादा मांग में है। लोग इनडोर पौधों और खुशबूदार फूलों जैसे मधुमालती, बेला और हरसिंगार के पौधे भी खरीद रहे हैं। कनेर और टिकोमा जैसे पौधे भी लोकप्रिय हैं।

### फूलों के पौधों की कीमत 50 से 500 रुपए तक

हर के नर्सरी में 50 से 500 रुपए के बीच में गेंदा, गुलाब, सदाबहार, डहलिया, पिटुनिया, गुलदाउदी और एंथुरियम जैसे कई फूल वाले पौधे खरीद सकते हैं। इन पौधों की कीमत उनकी किस्म, आकार और नर्सरी के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। उदाहरण के लिए गेंदा के पौधे 50 रुपए, गुलाब हाइब्रिड 100-150 रुपए और पिटुनिया के पौधे 250 रुपए में बिक रहा है। वहीं, एस्टर मौसमी फूल के पौधे की कीमत 300 रुपए प्रति पौधा, एंथोरियम फूल की सामान्य कीमत 200 से 800 रुपए प्रति पौधा है।

पौध रोपने पर जनवरी-फरवरी तक तैयार हो जाता है। गुलदाउदी सर्दियों की शान मानी जाती है। इसके फूलों के आकार और रंग इतने विविध होते हैं कि गार्डन देखते ही मन खुश हो जाता है। डहेलिया के फूल बड़े और खूबसूरत होते हैं, जो किसी भी गार्डन की शोभा बढ़ाने बागवानी के शौकीनों की पहली पसंद है।

### ठंड में देखभाल की जरूरत

प्रकृति प्रेमी रामू मुखर्जी हर बदलते मौसम के हिसाब से गार्डनिग करते रहते है। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि सदी के मौसम में जैसे हम लोगों को ठंड से बचने जतन करने पड़ते है ठीक वैसे ही पौधों को भी स्पेशल केयर की जरूरत होती है। रामू सलाह देते हैं कि पौधों को सुबह की धूप जरूर मिले, जबकि उन्हें ठंडी हवाओं से बचाने के लिए शाम के समय हल्का कवर या शेड का उपयोग लाभदायक होता है। मिट्टी में गोबर खाद या कम्पोस्ट मिलाने से पौधों की गुणवत्ता और फूलों की संख्या दोनों बढ़ती है। घर की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ बागवानी मानसिक तनाव कम करने और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने में भी मददगार मानी जाती है।

**खबर संक्षेप**

## नवोदय विद्यालय में आदर्श ग्राम सभा का आयोजन



**मल्हार।** जवाहर नवोदय विद्यालय में आदर्श युवा ग्राम सभा का आयोजन विद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत खिलावन पटेल, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, ग्राम पंचायत सचिव हरीश घृतलहरे और विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। सभा का उद्देश्य विद्यार्थियों ग्राम पंचायत सभा की संचालन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वयं ग्राम सभा के पदाधिकारी बनकर चर्चा की। साथ ही वे प्रतिदिन के जीवन में निर्णय लेने की क्षमता, तार्किक क्षमता, वाद संवाद के द्वारा ग्राम विकास के मुद्दों से भी अवगत हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि, विद्यार्थियों द्वारा ग्राम सभा में होने वाले समस्त गतिविधियों का विस्तारित रूप से प्रदर्शन किया गया, जो अत्यंत ही सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने कहा कि, जिम्मेदारी का एहसास तब होता है, जब हम उस पद पर पहुंचते हैं। इस दौरान पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजनकुमार तथा आभार शिक्षक ए बैनर्जी ने किया।

## मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



**खमरिया।** ग्राम पंचायत कुली में संविधान दिवस के अवसर पर मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हीरालाल यादव समन्वयक मितानिन मस्तूरी उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद सदस्य देवेश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, संविधान में हमें समानता का जो अधिकार मिला है, उसका सदुपयोग करते हुए हमें मिलजुल कर रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच बलराम वस्त्रकार ने कहा कि, मितानिन दीदी बहुत ही सेवा भाव से कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन नरेन्द्र पाटनवार ने किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी साहू, श्याम ठाकुर, मधु साहू, मितानिन दीदी सुशीला साहू, इंद्राणी वस्त्रकार, सुनीता यादव, संतोषी साहू, चंद्रमा ठाकुर उपसरपंच प्रभा ठाकुर, ज्योति साहू, श्रवण वस्त्रकार, ब्यास ठाकुर मौजूद रहे।

## शिक्षक फेडरेशन की नई टीम घोषित, अभिजीत बने प्रदेश महामंत्री

**लोरमी।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर, प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मुंगेली जिले से 2 शिक्षकों को प्रांतीय टीम में शामिल किया है। अभिजीत तिवारी को प्रदेश महामंत्री और मनोज कश्यप को प्रदेश संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिक्षा क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका और संगठनात्मक योगदान को देखते हुए प्रदेश स्तर पर यह निर्णय लिया गया है। अभिजीत तिवारी और मनोज कश्यप ने संयुक्त रूप से कहा कि वे, शिक्षक हितों के लिए पूरे प्रदेश में मजबूत पहल जारी रखेंगे। शिक्षक हितों और शिक्षा सुधार के लिए लगातार सक्रिय रहने वाले अभिजीत तिवारी और मनोज कश्यप को सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने प्रदेश के महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। उनकी सक्रियता, समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए संगठन ने यह भरोसा जताया है कि, वे दोनों न केवल मुंगेली जिला बल्कि प्रदेश भर के शिक्षकों के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेंगे।



## विकासखंड डाटा प्रबंधक भर्ती विज्ञापन निरस्त

**मुंगेली।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की ओर से विकासखंड डाटा प्रबंधक के पद हेतु पूर्व में जारी भर्ती विज्ञापन को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

### खजुरी में पंचमुखी हनुमान मंदिर पुनर्निर्माण का भूमिपूजन

# सभी संकटों को दूर करने वाले हैं हनुमानः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

पंचमुखी हनुमान मंदिर क्षेत्र में आस्था, विश्वास और दानशीलता की विरासत हमें दानवीर दुर्गा साव से मिली है। मंदिर का पुनर्निर्माण हमारे पूर्वजों की ऐसी धरोहर को सुरक्षित रखने का कदम है, जिनका आशीर्वाद दशकों से क्षेत्र पर बना हुआ है। प्रभु की इच्छा के अनुरूप ही सभी कार्य होता है। सभी संकटों को दूर करने वाले देव हनुमानजी हैं, व्यक्ति एक निमित्त मात्र होता है।

इस पुनर्निर्माण में हमारा गिलहरी के जैसा छोटा सा प्रयास है, जिससे अब आध्यात्मिक आस्था का नया स्वरूप साकार होगा। मंदिर स्थापित कराने वाले दानवीर दुर्गा साव के परिजन लक्ष्मी गुप्ता द्वारा पुनर्निर्माण का श्री गणेश किया जा रहा है, जो साधुवाद के पात्र हैं। उक्त बातें ग्राम खजुरी नवागांव के पड़ावपारा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पुनर्निमाण के भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने मंदिर पुनर्निमाण में नकद 1 लाख रूपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। भाजपा जिला



उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, खजुरी नवागांव की यह पवित्र भूमि सदैव धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रही है। भूमिपूजन कार्यक्रम को दानवीर लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, जपं उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, भाजपा नेता रामचंद्र यादव, रोहन सिंह ठाकुर, सरपंच मनोज बंटी तिवारी, रामचरण वस्त्रकार, पूर्व नपं उपाध्यक्ष बंशी पाड़े, विश्वनाथ यादव, सरजू यादव, संजू सोनवानी, पूर्व सरपंच मुनेंद्र तिवारी, अनिल कौशिक, रामकुमार कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुंदर केवट आभार प्रदर्शन संजय राजपूत ने किया। इस अवसर पर धनसिंह राम अग्रवाल, रुग्न लाल वस्त्रकार, अरुण दुबे, जेडी महंत, रघुराज सिंह, संतोष पोर्ते, धर्मेंद्र वंदे, मेघराम भारद्वाज, मोना शर्मा, रूपेश राजपुर, नरेंद्र शर्मा सहित भक्त उपस्थित थे।

### मानव सेवा की मिसाल दुर्गा साव

स्व दुर्गा साव अपनी दानवीरता के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं। क्षेत्र के बुजुर्गों के अनुसार उन्होंने अपनी सारी संपत्ति मानव सेवा में दान कर दी। तखतपुर, खजुरी नवागांव सहित जगह-जगह उन्होंने यात्री प्रतीक्षालय सहित जन सुविधा से जुड़े निर्माण कार्य अपने निजी खर्च पर कराए। खजुरी नवागांव का दक्षिणमुखी पंचमुखी हनुमान मंदिर भी उनके सहयोग से निर्मित हुआ था। मानव सेवा के प्रति उनके समर्पण के भाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि, उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति दान कर अपना अंतिम समय किराए के घर में व्यतीत किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में उनकी दानशीलता की चर्चा रही।

### लाखों का नुकसान किसान ने लगाई मुआवजे की गुहार

# शार्ट सर्किट से लगी आग लाखों का धान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

ग्राम गुड़ी देउरपारा निवासी किसान अश्वनी साहू के लिए शुक्रवार का दिन कहर बनकर आया, जब बिजली के 11 केवी हाईटेंशन लाइन में हुए शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने उनके कोठार में रखी साढ़े चार एकड़ की विष्णु भोग धान को आग के हवाले कर दिया।

कुछ ही पलों में धुएं और लपटों ने पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते किसान की वर्षों की मेहनत राख में तब्दील हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार दोपहर लगभग 1:30 बजे अचानक ऊपर से निकली चिंगारी सीधे कोठार पर गिरी, जिससे सूखी धान में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि, ग्रामीणों के कड़े प्रयास के बावजूद उसे काबू में नहीं लाया जा सका। सूचना पर एनटीपीसी के दमकल वाहन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पूरी धान जल चुकी थी। पीड़ित किसान अश्वनी साहू ने बताया कि जली हुई विष्णु भोग धान की अनुमानित कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है। पीड़ित ने विद्युत विभाग से तत्काल क्षतिपूर्ति एवं मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि, क्षेत्र में पहले भी विद्युत तारों से चिंगारी गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं पर विभाग को संज्ञान लेने की जरूरत है। फिलहाल विद्युत विभाग मामले की जांच की बात कर जा रहा है, वहीं किसान और ग्रामीणों की नजरें अब प्रशासनिक निर्णय पर टिकी हैं।



### देंगे जानकारी

हाइटेंशन तार के नीचे किसी भी प्रकार की अनहोनी से हम शिविर में अवगत कराते रहते हैं। मुआवजा और क्षति पूर्ति प्रावधान के बारे में उच्च अधिकारियों से चर्चा कर इसकी जानकारी देता हूं।
**- कौशल जायसवाल, एई**

### खरीदी केंद्र में अनियमितता, सहायक प्रबंधक व प्रभारी निलंबित

**तखतपुर।** धान खरीदी केंद्र देवरीखुर्द में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच के बाद अनियमितता की पुष्टि होने पर सहायक प्रबंधक एवं खरीदी केंद्र प्रभारी राममनोहर कौशिक को निलंबित कर दिया गया है। उप पंजीयक सहकारिता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेवा सहकारी समिति देवरीखुर्द 670 के संबंध में 25 नवम्बर को धान खरीदी केन्द्र में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर सहकारिता विस्तार अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच प्रतिवेदन में धान खरीदी प्रभारी द्वारा दायित्व का निर्वहन नहीं करते हुए समिति में उपार्जित धान के कुछ बारदानो में मानक वजन के अनुरूप नहीं पाया गया। डनेज की उपयोगिता के आधार पर भंडारण में कमी पाई गई। साथ ही खाली बारदानों का सही रख-रखाव की व्यवस्था में कमी पाई गई एवं उपार्जित धान की गणना करने योग्य स्टेकिंग नहीं करने की पुष्टि की गई है। यह कृत्य धान उपार्जन नीति 9.16 एवं 15.1 के उपबंधो के प्रतिकूल पाया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर की अनुशंसा पर सीएस जायसवाल उप आयुक्त सहकारिता द्वारा समिति में पदस्थ प्रभारी संस्था प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी राममनोहर कौशिक को निलंबित किया गया हैं।

## निधन

### आशादेवी लालचंदानी



**बिलासपुर।** स्व.डा.केडी लालचंदानी गली निवासी आशादेवी लालचंदानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 28 नवंबर को झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिंधी कॉलोनी में किया गया। वे स्व. सुगंनाचंद लालचंदानी की धर्मपत्नी एवं राजेश, शैलेष, अनिल, प्रमोद लालचंदानी की माता थीं।

### पद्मिनी पाण्डेय



**बिलासपुर।** सरकंडा जोरापारा निवासी पद्मिनी पाण्डेय का 28 नवंबर को निधन हो गया। वे 63 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे ज्ञानेश्वर पाण्डेय की धर्मपत्नी, अनुपम पांडे ,अभिषेक पांडे की मां थीं।

### श्रवण कुमार शर्मा



**बिलासपुर।** विजयापुरम सरकंडा निवासी श्रवण कुमार शर्मा धमनी वाले का निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 29 नवंबर को सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुधा शर्मा के पति, वंदना उपाध्याय एवं प्रवीण शर्मा के पिता थे।

### शचि देवी मिश्रा



**बिलासपुर।** ग्राम मूरा जिला रायपुर निवासी शचि देवी मिश्रा का 28 नवंबर को निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा कंचन विहार सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर से दोपहर 12 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ओमप्रकाश मिश्रा की पत्नी, तृप्ति, तपन, प्रखर, प्रणव (यतीन्द्रनाथ मिश्र) की मौसी तथा अंशुमान,अद्वेत,समन्वय दुबे की बुआ व समीर शुक्ला की मामी, आदिनाथ, पार्थनाथ की दादी थीं।

### बृजभूषण सिंह क्षत्री



**तखतपुर।** बहुरता निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक बृजभूषण सिंह क्षत्री का 86 वर्ष की आयु में 28 नवम्बर को निधन हो गया। वे भास्कर, चंद्रपाल, सूरज एवं भरत क्षत्री के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बहुरता में किया गया।

# धरमलाल ने नबीन का बिल्हा आगमन पर किया स्वागत

**बिलासपुर।** बिहार जीत के पश्चात बिहार कैबिनेट मंत्री व छत्तीसगढ़ प्रभारी नितिन नबीन के प्रथम बिल्हा आगमन पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने परसदा स्थित अपने निवास स्थान पर उनका स्वागत किया।

तमाम कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में श्री कौशिक ने शाल भेंट कर सहपारिवार नितिन नबीन का स्वागत किया। इस मौके नितिन नबीन ने कहा कि, छत्तीसगढ़ आना मेरा सौभाग्य है। संगठन की मजबूती ही भाजपा को मजबूत बनाती है। संगठन की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ कार्य करना अनिवार्य है, क्योंकि भाजपा की ताकत एकता में ही है। उन्होंने बिहार की जीत पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि, आप सभी की मेहनत से ही बिहार में एनडीए की फिर से सरकार बनी है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी विकास की गंगा बहाते हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की नीति से जनता का अटूट विश्वास बनाए रखेंगे।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लोरमी।** विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम लगरा-खपरीकला मार्ग पर अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक का शव रात भर घटनास्थल पर लावारिस हालत में पड़ा रहा। सुबह सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए रवाना किया।

फास्टरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवप्रसाद चंद्राकर पिता बुधराम चंद्राकर उम्र 48 वर्ष निवासी नेऊरगांव थाना कुंडा जिला कबीरधाम ने 28 नवंबर की दोपहर लगभग 12 बजे थाने में जानकारी दी कि, ग्राम लगरा ठेंगा बहराखार मेन रोड पर बीती शाम करीब 6 बजे अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। होदसे के बाद मृतक का शव रात भर लावारिस हालत में पड़ा रहा एवं अगले दिन सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर फास्टरपुर पुलिस घटना स्थल पहुंची एवं शव की शिनाख्त के बाद मृतक की पहचान रघुनंदन चंद्राकर पिता दशरथ चंद्राकर उम्र 35 वर्ष ग्राम नेउर गांव थाना कुंडा कवर्धा के रूप में की गई। जानकारी के मुताबिक, मृतक अपने दीदी-जीजा गेन्दूराम चन्द्राकर के यहां रैतरा साल्हेघोरी में धान मिसाई करने आया था। वह गुरुवार को वापस खपरीकला अपने घर जा रहा था, उसी दौरान वह हादसे का शिकार हो गया एवं उसकी मैत हो गई। पुलिस ने पंचनामा और पीएम के बाद मृतक का शव परिजनों के सुपुर्द किया। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। विवेचक उमेद गोयल ने बताया कि रोड एक्सीडेंट में चोट लगने के कारण मृतक की जान गई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ जुर्म दर्ज कर शव का पंचनामा व पीएम कराकर परिजन के हवाले कर दिया।



# कलेक्टर, एसपी ने किया गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**मुंगेली।** गुरुघासीदास जयंती के गरिमामय आयोजन को सुनिश्चित करने कलेक्टर कुन्दन कुमार और एसपी भोजराम पटेल ने लालपुर एवं अमरटापू धाम पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मेला आयोजकों से मुलाकात कर तैयारियों की जानकारी ली तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र और प्राथमिकता से पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, पार्किंग, हेलीपेड और भीड़ प्रबंधन जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि, सभी व्यवस्थाओं को निर्धारित मानक के अनुसार जल्द दुरुस्त किया जाए।

■ तैयारियों की समीक्षा कर दिए गए आवश्यक निर्देश

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कोई भी व्यवस्था अधूरी नहीं रहनी चाहिए। सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करते हुए तैयारी समय पर पूर्ण करें। सभी विभागों को निर्देश दिए कि गुरुघासीदास जयंती का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण बनाने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने मोतिमपुर में उपस्थित एनएसएस के विद्यार्थियों से संवाद भी किया। कलेक्टर ने कहा कि, एनएसएस का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना, नेतृत्व गुण बढ़ाना और उन्हें समाज की आवश्यकताओं को समझने में मदद करना है। बच्चों को निष्ठा, ईमानदारी और नियमित अध्ययन को जीवन में सफलता का आधार बताते हुए कहा कि मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग केवल ज्ञान वृद्धि और लक्ष्य प्राप्ति के लिए करें। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से कहा कि, गुरुघासीदास जी का मूल मंत्र सेवा और समानता है। उनका संदेश मनखे-मनखे एक समान का संदेश मानवता, भाईचारे और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।



# आपदा प्रबंधन सरकारी नहीं सामूहिक जिम्मेदारीः दुबे

**सकरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यायल बेलमुंडी में आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें शाला विकास एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया एवं आपदा के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत शाला विकास समिति के अध्यक्ष सूर्यकांत दुबे ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, पालकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, आपदा कब आएगी इसका अनुमान संभव नहीं है, लेकिन हमारे बचाव की तैयारी हर संकट को छोटा कर सकती है। आपदा प्रबंधन केवल सरकारी नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य वंदना भट्ट ने प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से निपटने के मानवीय उपाय बताए। कार्यशाला को व्याख्याता मधुकर सिंह, समिति के सदस्य टिकेश्वर कौशिक, पालक प्रतिनिधि आरती टैनगवार, गोमती कौशिक, श्यामलाल कौशिक, व्याख्याता महेन्द्र दुबे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नीलोफर खान, भावना सिंह, कीर्ति देवांगन, कविता सिरसवार यादव, दीपांजलि टैगोर, शुभम सूर्यवंशी, दिव्या कौशिक, संजनी कौशिक, शिवांग केवट, लकी कौशिक, आशीष साहू, मानस कौशिक, नीलिमा कौशिक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक एवं पालक उपस्थित थे।



# बीएलओ, अभिहित अधिकारियों को किया गया सम्मानित



**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संचालित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप जिले के बीएलओ एवं अभिहित अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को उत्कृष्टता के साथ पूरा किया जा रहा है। अभियान के दौरान शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले सरिसताल की बीएलओ लक्ष्मी यादव तथा अभिहित अधिकारी राजू साहू को कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बीएलओ श्रीमती यादव ने बताया कि, आपसी समन्वय और बेहतर टीमवर्क के साथ जिम्मेदारी, सतर्कता और समर्पण की भावना के साथ कार्य करने से मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन का कार्य समय पर पूरा हुआ है। इसी प्रकार ग्राम नवागांव जैत की बीएलओ पुष्पा कुलमित्र तथा अभिहित अधिकारी थानू कश्यप ने भी अपने क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत सौंपे गए कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण किया।


**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ-पत्र**
**(वास्ते-छूटा हुआ सरनेम इंदाज करने व पासपोर्ट विभाग में प्रस्तुत करने बाबत )**

मैं अजीत कुमार सिंह, उम्र-49 वर्ष, पिता गोपाल सिंह ठाकुर, निवासी-रामावैली कॉलोनी, बोदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूं:-

1. यह कि मैंने भारत सरकार से मेरे नाम का पासपोर्ट प्राप्त किया है जिसमें उसके विहित प्रारूप के अनुसार मेरी विस्तृत जानकारी उल्लेख है जिसका जारी दिनांक 10.09.2024 है, समाप्ति की तिथि 09.09.2034 है। पासपोर्ट क्र.सी. 2533881 है, अभिलेख में उल्लेख है। इस पासपोर्ट अभिलेख में पत्नी के नाम के कॉलम पर मेरी पत्नी का नाम मंजू सिंह उल्लेख है एवं लिपिकीय त्रुटिवश मेरी पत्नी के मध्यम नाम सिंह के पश्चात ठाकुर सरनेम का उल्लेख होना छूट गया है।

2. यह कि मेरी पत्नी का नाम पूर्व में जारी उसके आधार कार्ड, पासपोर्ट अभिलेख में उसका पूर्ण नाम मंजू सिंह ठाकुर, उसके सरनेम के सही इंदाज होना उल्लेख है, इस तरह से मेरी पत्नी मंजू सिंह व मंजू सिंह ठाकुर मेरी पत्नी का दोनों नाम व पहचान है। मैं आम प्रकाशन में सरनेम शुद्धिकरण शासन के पासपोर्ट विभाग में प्रस्तुत किए जाने के बाबत में यह शपथ-पत्र में उपरोक्त कथन के समयत में निष्पादित करता हूं।

**शपथकर्ता- अजीत कुमार सिंह**



**कार्यालय रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**
**सीमांकन/ मौका जांच समय उपस्थित होने बाबत**

प्रति,
(1) गोपाल विजय वर्गी (2) श्याम अग्रवाल (3) सरजू श्रीवास (4) दुर्गेश कौशिक (5) चंद्र ज्योति पाण्डेय (6) अन्य सरहदी भूमिस्वामी (7) ग्राम कोटवार।

**विषयः** सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

**संदर्भः** भवदीय न्याया.तह.के ज्ञा.क्र./वा-1/ तह. /2025 बोदरी दिनांक 15/10/25

उक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका गोपाल विजय वर्गी पिता/ पति साहूराम निवासी तालापारा बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी मन.05 प.ह.नं.01 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं.33/1 रकबा 0.134 भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.रा. भू.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 03/12/2025 को 12.00 बजे दोपहर को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

**टीपः-**1.उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है। 2. आवेदक जरीब/टेप पकड़ने एवं चूना मार्किंग हेतु 2-3 मजदूर की व्यवस्था स्वयं करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. बोदरी, तहसील-बोदरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**उपस्थिति सूचना**

क्रमांक /Q/ तह./वाचक /2025
बेलतरा दिनांक 27.11.2025

प्रति,
श्री मुन्नाराम, बहोर कुमार, बहोरन सभी पिता रामनाथ सभी निवासी ग्राम लगरा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

**विषय**: उपस्थिति की सूचना बाबत।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अंजनी शर्मा पति स्व. शत्रुहन निवासी ग्राम डंगनिया तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर छ.ग. ने आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा-155 छ.ग.भू.-राजस्व संहिता 1959 के तहत ग्राम डगनिया, प.ह.नं.14, स्थित भूमि खसरा नम्बर 325 रकबा 0.154 हेक्टेयर में त्रुटिसुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसे सुधार कर आवेदक अपने नाम पर दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उक्त संबंध में आपको दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 16.12.2025 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज 27.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बेलतरा, जिला बिलासपुर**



**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक /क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांकः 17/11/2025

ग्राम जूनाबिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36, तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 763/ 2ख, 763/2/त्र रकबा 0.30, 0.30 एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक सत्य प्रकाश चतुर्वेदी पिता स्व. जी.एस.चतुर्वेदी निवासी व्यापार विहार तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 05/12/2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 12.11.2025

श्री मनोज कुमार सिदार आत्मज श्री मनबोध सिंह सिदार उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम नवाडीह थाना एवं तहसील सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी वीणा तंवर आत्मजा चित्रभान सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम जोगीसार थाना व तहसील गौरेला जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


मनोज कुमार सिदार


वीणा तंवर

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 27.11.2025

श्री आशीष संतानी आत्मज श्री अमर उर्फ घनश्याम संतानी उम्र 32 वर्ष निवासी ऋषि कॉलोनी दयालबंद वा.क्र.33 थाना सिटी कोतवाली बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी शकुन गुरुंग आत्मजा श्री सुख बहादुर गुरुंग उम्र 35 वर्ष निवासी मानस विहार बंधवापारा वा.क्र.65 सरकण्डा थाना सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)।

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 05.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


श्री आशीष संतानी


कु.शकुन गुरुंग

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का घर-घर संपर्क अभियान



**तखतपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष पर घर-घर गृह संपर्क अभियान के तहत बिरगांव मंडल के स्वयं सेवक बुधराम साईं, विश्वनाथ योगी, जयप्रकाश साईं, श्रवण मानिकपुरी, संतू मानिकपुरी, कान्छा निषाद, धर्मेंड नाथ योगी एवं उनके पूरे साथी घर-घर जाकर पत्रक व भारत माता के चित्र बांट रहे हैं। साथ ही इतिहास व योगदान पर चर्चा कर लोगों को शताब्दी वर्ष के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

### संविधान दिवस पर अधिवक्ता कक्ष में संगोष्ठी का आयोजन



**पेंड्रा।** अधिवक्ता कक्ष पेंड्रारोड में अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई की ओर से संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 'मौलिक कर्तव्यः विकसित भारत की आधारशिला' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता लखन तिवारी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। संगोष्ठी का संचालन कौशल सिंह ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष आरबी राठौर, महामंत्री रमेश यादव, कपूर सिंह, गंगा राठौर, महेश मिश्र, शैलेंद्र चतुर्वेदी, अजय श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, भीखम सिंह, विनय पांडेय, मयंक सोनी, ओपी सोनी, मधु राठौर, दिव्या पांडेय, लक्की गुप्ता, योगेश भोसले, अब्दुल रशीद सहित अनेक अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

### लेखा अधिकारी बनने पर विद्या का सम्मान



**मुंगेली।** श्याम सिंह उबेजा विद्यालय की पूर्व छात्रा विद्या साहू का लेखा अधिकारी पद पर चयन होने पर उबेजा विद्यालय संचालन समिति के पदाधिकारियों सहित विद्यालय की प्राचार्य एवं स्टाफ ने विद्या साहू को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर शाला प्रांगण में सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य कुसुम शुक्ला, व्याख्याता श्यामा, संतोषी यादव, माधुरी बघेल, प्रीतम भास्कर सहित जनपद सदस्य रत्ना काठले, सरपंच गोंड़खाम्ही रमेश मरावी, उप सरपंच रेखा मोहन साहू एवं पंच भीखम चंद्रमौर्य उपस्थित रहे। विद्या साहू ने विद्यालय के छात्र–छात्रओं से कहा कि, उबेजा विद्यालय में मेरा बेस मजबूत हुआ एवं यहीं पढ़ते हुए मैंने प्रशासनिक अधिकारी बनने का निश्चय किया। यदि आप में से कोई भी विद्यार्थी मुझसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ा, तो मुझे लगेगा कि मैं अपने विद्यालय के लिए कुछ कर पाई।

### अम्बेडकर शिक्षण संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता



**मुंगेली।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान की ओर से संविधान दिवस के अवसर पर कक्षा सज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर भास्कर, प्राचार्य आशा दिवाकर एवं वरिष्ठ अभिभावक पार्षद संजय चंदेल ने भारतीय संविधान की किताब एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर दैनिक प्रार्थना की एवं कक्षा दूसरी के छात्र निखिल साहू ने संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। प्राचार्य आशा दिवाकर ने कहा कि, आजादी के बाद देश को चलाने एवं एकसूत्र में बांधने के लिए नियम, कानून बनाने की बात आई तब संविधान निर्माण समिति ने संविधान बनाने का कार्य किया, जिसमें बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन उप प्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**बिल्हा।** उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बिल्हा के छात्र-छात्राओं ने अधिष्ठाता डॉ तोरन लाल साहू के मार्गदर्शन में बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र तथा हॉर्टिकल्चर नर्सरी का एकदिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं, कृषि इकाइयों और आधुनिक उत्पादन प्रणालियों का वास्तविक अनुभव प्रदान करना था। इस भ्रमण में उद्यानिकी एवं कृषि महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को हर इकाई में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। विशेषज्ञों ने कृषि अनुसंधान में हो रहे नवीन विकास, उद्यमिता के अवसरों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के महत्व पर विशेष चर्चा की। छात्र-छात्राओं ने कहा कि, इस शैक्षिक भ्रमण से उन्हें कक्षा में पढ़ाए गए विषयों का वास्तविक व व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उनकी समझ और गहन हुई। यह भ्रमण विद्यार्थियों में कृषि-उद्यमिता, आधुनिक खेती और शोध-उन्मुख शिक्षा के प्रति नवीन उत्साह का संचार करता है। इस प्रकार यह शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, अनुभव और प्रेरणा से परिपूर्ण सिद्ध हुई।

---

### उसलापुर स्टेशन के आसपास के व्यापारियों व लोगों को मिलेगा फायदा

# सेकेंड एंट्री के बाद बनेगा नया गुड शेड



उसलपुर स्टेशन का एंट्री गेट।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में सेकंड एंट्री का काम पूरा किए जाने के बाद एक नया गुडशेड बनाने का कार्य भी करने की तैयारी की जा रही है। इसमें उसलापुर के आसपास रहने वाले व्यापारियों के अलावा अन्य लोगों को फायदा मिलेगा।

रेलवे प्रशासन ने छोटे स्टेशनों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अमृत भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत छोटे स्टेशनों की अपग्रेडेशन और नवीनीकरण किया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने पहले ही बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर स्टेशन को आदर्श रेलवे स्टेशन का दर्जा दे दिया है। आदर्श रेलवे स्टेशन को भी विकास की मुख्य धारा में शामिल किया गया है। वर्तमान में बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों के दबाव को कम करने के लिए दुर्ग से बिलासपुर आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस, मंगलवार और बुधवार को दुर्ग से रायपुर, भाटापारा होकर जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर जाने वाली एक्सप्रेस के अलावा दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को उसलापुर रेलवे स्टेशन से होकर चलाया जा रहा है, जिसकी वजह से बिलासपुर स्टेशन में भी यात्रियों की संख्या 7 हजार से कम और उसलापुर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है।

बिलासपुर डिवीजन में अमृत भारत योजना के तहत उसलापुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, कोरबा, शहडोल, अंबिकापुर, अनूपपुर सहित करीब 49 छोटे-बड़े स्टेशनों को शामिल करते हुए काम की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत बिलासपुर स्टेशन के सब स्टेशन के रूप में विकसित होने वाले उसलापुर स्टेशन के सामने प्लाई लगाने के अलावा नई पार्किंग व अन्य कार्यों को किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। पुनर्विकास के कार्य में रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री के साथ रेल प्रशासन अब बिलासपुर स्टेशन की तरह गुड शेड का भी निर्माण कर रहा है, जहां यात्रियों के साथ शहर व आसपास के व्यापारियों को सामानों की बुकिंग के लिए बिलासपुर स्टेशन तक आने की आवश्यकता नहीं होगी।

#### काम चल रहा है

उसलापुर रेलवे स्टेशन में गुड शेड का निर्माण काफी पहले ही शुरु कर दिया गया है। बीच में यह कार्य कोयले के कारण बंद था। बिलासपुर के साथ उसलापुर में भी ट्रेनें अब काफी बढ़ने लगी है। बिलासपुर तक जो व्यापारी नहीं जा पाते हैं, उन व्यापारियों की सुविधा के लिए गुड शेड का निर्माण सेकेंड एंट्री की ओर किया जा रहा है।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

#### वर्तमान में चलने वाले कार्य

नए विकास में स्टेशन पर आवश्यकताओं के अनुसार बेहतर पहुंच मार्ग, द्वार, प्लेटफार्म शेल्टर, एलईडी नेम बोर्ड, पर्याप्त लाइटिंग, कैफेटेरिया, सीसीटीवी कैमरे, दिव्यांग फ्रेंडली शौचालय, और पार्सल के लिए जगह जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इसके अलावा, पार्किंग, सुंदरता के लिए गार्डन और डिजाइन किए गए साइनेज का भी विकास किया जाएगा।

#### बन गई सेकंड एंट्री की सड़क

उसलापुर रेलवे स्टेशन के दूसरे छोर पर कालोनियों के साथ सकरी, तखतपुर, कानन पेण्डारी सहित अन्य ग्रामीण इलाके हैं, जहां से करीब 10 से 15 हजार की संख्या में लोगों का स्टेशन तक आना-जाना लगा रहता है। इन लोगों को पहले ओवरब्रिज पार करना मजबूरी हो जाती है, जिसके बाद वे स्टेशन के टिकिट काउंटर और गेट से प्लेटफार्म तक पहुंचते हैं। इन लोगों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने उसलापुर ओवरब्रिज के बायीं ओर से सड़क का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अन्य सुविधाओं के अलावा मॉडल गुड शेड का भी निर्माण कार्य की शुरुआत रेलवे ने करने का निर्णय लिया है।

---



सीएमएचओ कार्यालय का निरीक्षण करते कलेक्टर।

## कलेक्टर ने सीएमएचओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली**

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शुक्रवार को सीएमएचओ कार्यालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, फाइलों के निष्पादन, स्वास्थ्य संस्थानों की निगरानी व्यवस्था तथा विभिन्न अधिनियमों के अनुपालन की गहन जांच की।

- सीएमएचओ सहित अन्य को शोकॉज नोटिस के जारी करने का निर्देश

कलेक्टर ने पीसीपीएनडीटी से संबंधित फाइलों में अनावश्यक विलंब और निर्धारित समय-सीमा में कार्य नहीं होने, नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित नहीं करने एवं लापरवाही पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सीएमएचओ डॉ शीला साहा, पीसीपीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार, सहायक ग्रेड 2 सरस्वती बघेल और सहायक ग्रेड 3 दीपक प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लंबित फाइलों एवं हाल ही में हुई भर्ती प्रक्रिया की जांच के दौरान नियमों के उल्लंघन और जिला स्वास्थ्य समिति की स्वीकृति के बिना नियुक्ति पत्र जारी किए जाने को गंभीर लापरवाही मानते हुए सीएमएचओ के खिलाफ नोटिस जारी करने निर्देशित किया। उन्होंने एनएचएम में की गई भर्ती एवं पदस्थापना की जांच हेतु एडीएम, जिला कोषालय अधिकारी एवं डीआईओ की सदस्यता में जांच समिति गठित कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि, गांव, गरीब और आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना जिल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की कार्यकारिणी का विस्तार



बैठक में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारी।

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन मुंगेली की कार्यकारिणी विस्तार हेतु शासकीय उमा विद्यालय करही में बैठक आयोजित की गई। जिला संयोजक जेएस ध्रुव ने सभी संगठनों के जिलाध्यक्ष, सचिव और सदस्यों की उपस्थिति में कार्यकारिणी विस्तार हेतु चर्चा करते हुए जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया।

संरक्षक सईद खान, अवधेश शुक्ला, जिला उप संयोजक बिंदु भास्कर, महासचिव एस रिजवी, प्रवक्ता अत्रि प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा एवं सह संयोजक नारायण दास भास्कर, रामकृष्ण वैष्णव नियुक्त किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में फेडरेशन से संबद्ध जिले के समस्त मान्यताप्राप्त संगठनों के अध्यक्ष का सर्वसम्मति से चयन किया गया। उक्त बैठक में जिलाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ जेएस ध्रुव, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ बिंदु भास्कर, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ अत्रि प्रताप सिंह, संयुक्त प्रधान पाठक संघ दिनेश निर्मलकर, छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ सईद खान, कर्मचारी कांग्रेस मालिकराम दिवाकर, कोषालय कर्मचारी संघ दुर्गेश सिंह राजपूत, संयुक्त शिक्षक संघ लक्ष्मी कांत जडेजा, लिपिक कर्मचारी संघ अजय निर्मलकर की उपस्थिति रही। साथ ही बैठक में आईपी यादव, एडी मानिकपुरी, रघुनाथ सिंह, हिमेश्वरी बंजारा, एचआर भास्कर, पवन कश्यप, कृष्ण कुमार वर्मा, रामलखन निषाद आदि उपस्थित रहे।

---

## मड़ई एवं रावत नाच महोत्सव 1 दिसम्बर को, तैयारियां तेज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर**

मां महामाया की नगरी रतनपुर में इस वर्ष भी 19वां विराट मड़ई मेला एवं राउत नाच महोत्सव 1 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। यादव समाज कल्याण समिति की ओर से लगातार 18 वर्षों से आयोजित यह परंपरागत मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है। आयोजन को लेकर रतनपुर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। राउत नाच महोत्सव में विभिन्न जिलों से आने वाले नर्तक दल गढ़वा बाजा और मुरली की मनमोहक धुन पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। राऊत नाच की शुरुआत शाम 4 बजे से होगी, जो देर रात तक चलेगी।

महोत्सव में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए नकद एवं रनिंग शील्ड रखा गया है। वहीं द्वितीय पुरस्कार 11 हजार, तृतीय 5 हजार, चतुर्थ 4 हजार, पांचवां 3 हजार एवं छठवां पुरस्कार 2 हजार रुपए नकद रखा गया है। सभी प्रतिभागी दलों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप 1 हजार रुपए एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। नर्तक दलों के लिए निशुल्क भोजन की व्यवस्था भी समिति द्वारा की गई है।



#### प्रतियोगिताएं और सम्मान समारोह

यादव समाज के छात्र-छात्राओं के लिए 30 नवंबर को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कृष्ण सज्जा, रंगोली एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मुख्य हैं। प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तथा समाज सेवा में सक्रिय पांच वरिष्ठजनों का भी विशेष सम्मान होगा। इसी दिन समाज प्रांगण में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

#### युवा प्रकोष्ठ का गठन

कार्यक्रम की तैयारी के बीच यादव समाज युवा प्रकोष्ठ की नई टीम भी गठित की गई, जिसमें शांति लाल यादव को अध्यक्ष चुना गया। आयोजन को सफल बनाने समाज के सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

---

## एमएसएमई को सशक्त बनाने उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम



बैठक में मौजूद बैंकर्स एवं अधिकारी।

**मुंगेली।** जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के संयुक्त सहयोग से रैम्प योजना के तहत 'उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम' का आयोजन जिला पंचायत के सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, महिला उद्यमी, नए उद्यमी, स्टार्टअप्स एवं युवा नवाचारकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला उद्योग केंद्र, जिला व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों के साथ-साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, आईडीबीआई बैंक, प्रदेश ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न वित्तीय संस्थानों के बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों और बैंक अधिकारियों के बीच सीधा संवाद आयोजित हुआ, जिसमें उद्यमियों ने अपने व्यवसाय से जुड़े मुद्दों के समाधान, ऋण प्रक्रिया, उपलब्ध योजनाओं एवं विपणन सहायता पर प्रश्न पूछे। बैंक प्रतिनिधियों ने मौके पर ही समाधान एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, साथ ही ऋण सहायता हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी। महाप्रबंधक किशोर प्रभात सिंह राजपूत ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने एवं उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने हेतु इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिससे स्थानीय उद्योगों को विस्तार एवं रोजगार निर्माण के अवसर प्राप्त होते हैं।

---

## दांतों को सुरक्षित रखने बच्चों को दिया गया परामर्श

**तखतपुर।** शरीर की सुंदरता मुख से है, और मुख की सुंदरता दांतों से है। दांतों का रख रखाव नहीं करने पर छोटे-छोटे बच्चों के दांतों में समस्या आ रही है, इसलिए चाहिए की बचपन से ही बच्चों को दांतों की सुरक्षा के उपाए की जानकारी दी जाए।

उक्त बातें ग्राम नगोई बहुउद्देशीय उमा विद्यालय में आयोजित निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में डॉ कीर्ति हिमेत कारड़ा ने कही। अपने दांतों को सुरक्षित रखने रोज सुबह और रात में ब्रश करने, कुछ भी खाने के बाद कुल्ला करने और अधिक से अधिक पानी पीने जैसे अन्य उपाए डॉ कीर्ति और हिमेत कारड़ा ने शिविर में बच्चों को बताई। इसके अलावा शिविर में 140 बच्चों का निशुल्क दंत परीक्षण किया गया, और जिन बच्चों को दांतों में समस्या थी इन बच्चों को भविष्य में दांत को सुरक्षित रखने के उपाए बताए गए। इस अवसर पर सूरज यादव, जगमोहन सिंह क्षत्री, राकेश विश्वकर्मा, सूरज साहू, संदीप ध्रुव, परमानंद कोसले, राजा अंबर बंजारे, कुमारी ममता साहू, नीरज साहू, संतोषी मांडले, ललिता वस्त्रकार, हर लाल कौशिक, जानी यादव, श्रद्धा महिलांगे, शुभि मांडले, दिलेश्वर कुर्रे, मधु श्रीवास, रीना ध्रुव, मनीषा कौशिक, परमेश्वरी साहू, सुमित्रा खांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।



- दंत चिकित्सा शिविर 140 बच्चों का निशुल्क परीक्षण

---

## कुरेली में उद्यमिता और स्वरोजगार उन्मुखीकरण कार्यशाला



**तखतपुर।** कुरेली पंचायत तखतपुर में वाणिज्य और उद्योग विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के माध्यम से उद्यमिता और स्वरोजगार पर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका का उद्देश्य युवाओं, महिला समूह को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र में स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसरों के लिए तैयार करना था।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को उद्यमिता, व्यवसाय योजना निर्माण, विपणन रणनीतियां, वित्तीय प्रबंधन एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। यह पहल माननीय मुख्यमंत्री के 'विकसित छत्तीसगढ़' के विजन को साकार करने की दिशा में एक प्रभावी कदम है। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाकर मेक इन इंडिया पहल को गति देने हेतु कार्य कर रहे हैं। महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला उद्यमिता को करियर विकल्प के रूप में अपनाने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 140 से ज्यादा महिलाओं, ग्राम के पंच एवं छोटे व्यवसायी लोग शामिल हुए। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान से गुरुकल्याण नायक ने ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा लोग उद्यमिता एवं व्यवसाय योजना पर को लेकर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच संजय कुमार टंडन, उप सरपंच जलबती कौशिक, ससिप्रभा कुर्रे, शिव कुमारी टंडन, कोमल प्रसाद कौशिक, देवेन्द्र कौशिक, मोनू कौशिक का सहयोग रहे।

---

### कलेक्टर ने दिए थे त्वरित कार्यवाही के निर्देश

# दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी**

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के अनुरूप शासकीय कर्मचारियों के दिवंगत होने की स्थिति में उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की व्यवस्था के तहत एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय पहल सामने आई है।

एमएस स्कूल जुहली के प्रधानपाठक स्व राजाराम टेंगवर एवं एमएस परसदावेद के भृत्य स्व विनोद कुमार टंडन के निधन के बाद उनके परिवारों को न्यायोचित राहत प्रदान करते हुए उनके सुपुत्रों को नियमित भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। इस प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु जिला कलेक्टर बिलासपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर द्वारा बीईओ मस्तूरी शिवराम टंडन को त्वरित निराकरण के निर्देश जारी किए गए। बीईओ टंडन ने मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं एवं दस्तावेजी औपचारिकताओं को रिकॉर्ड समय में पूर्ण कराते हुए दिनांक 28 नवंबर को रितेश कुमार टेंगवर को भृत्य एमएस जुहली तथा आलोक कुमार टंडन को भृत्य एमएस परसदावेद के पद पर अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान किया। नियुक्ति उपरांत दोनों कर्मचारियों को कार्यालय में पदस्थापना ग्रहण कराते हुए संबंधित विद्यालयों के लिए भारमुक्त भी किया गया। इस त्वरित और मानवीय अनुकंपा नियुक्ति के लिए नवनियुक्त कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर बिलासपुर, डीईओ बिलासपुर एवं विशेष रूप से बीईओ मस्तूरी शिवराम टंडन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देते अधिकारी।

---

### बोदरी नगर पालिका में मितानिनों का सम्मान



**बिलासपुर।** मितानिन दिवस पर नगर पालिका परिषद बोदरी में अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा नगर के सभी वार्डों में कार्यरत मितानीन दीदियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृष्ण कुमार कौशिक रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा ने कहा कि वार्डो मंक समर्पित भाव से लोगों की सेवा कर ,स्वास्थ्य का ध्यान रखना व शासन द्वारा जारी सभी योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचने का काम हर मितानिन दीदी द्वारा बहुत ही जिम्मेदारी के साथ किया जाता है। इस सरहानीय कार्य के लिये आपको नमन है। कार्यालय परिसर में सभी मितानिन दीदियों का सम्मान अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा उपाध्यक्ष शिमला सुनील वर्मा व महिला पार्षदों द्वारा शाल श्रीफल देकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका बोदरी के सभापति विजय वर्मा, फिरतुराम बनवारे, भावना आशीष खत्री, प्रीति लष्मीनारायन मरावी, लाता विष्णु साहू, डॉली दीपक जगवानी, रोहित साहू, जोहित राम धुरी, सुरेश केवट, मुकेश वाधवानी, अजय कलवानी मितानिन दीदियों में सविता कौशिक, रूपा यादव, सोना धुरी, शारदा धुरी, सहोदरा नेताम, जय वर्मा, किरण कौशिक, सुनीता कौशिक, लष्मी कुरे, सुनीता यादव, कविता उईके, जानकी सोनवानी आदि नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस की रेड, अवैध शराब जब्त

**बिलासपुर।** सीपत पुलिस ने रेड की कार्रवाई करते हुए ग्राम बिटकुला में 6 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लिया है। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जिससे आबकारी एक्ट के तहत जेल दाखिल कर लिया गया है। सीपत पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम बिटकुला में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बेची जा रही है। सीपत थाना प्रभारी ने टीम तैयार कर रेड की कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी कन्हैया यादव पिता स्व रामसिंह यादव उम्र 53 साल को हिरासत में लिया गया। वहीं मौके पर पुलिस को 6 लीटर शराब मिली, जिससे जब्त कर लिया गया है।आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### गांजे के साथ पकड़े गए युवक को 5 साल की कैद

**बिलासपुर।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने गांजे के साथ पकड़ाए युवक को पांच साल की कैद की सजा सुनाई है। 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। मामले के मुताबिक 11 जनवरी 2024 को सरकंडा पुलिस ने रामकुमार सूर्यवंशी पिता पहारू सूर्यवंशी (उम्र 37 वर्ष) निवासी परसाही डबरीपारा, मोपका थाना सरकण्डा को 2 किलो गांजे के साथ पकड़ा था। इसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कोर्ट में चालान पेश किया था। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट में 10 से अधिक गवाह पेश किए गए। आरोपी की ओर से बचाव में कोई साक्ष्य या गवाह पेश नहीं किया जा सका।

### सड़क हादसे में बच्ची की मौत, पसरा मातम

**बिलासपुर।** बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम गुमा में हुए दर्दनाक हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। हादसा गुरूवार की है। जहां हादसे में दूसरी में पढ़ने वाली 7 वर्षीय बालिका श्रुति गेंदले की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गुमा निवासी सुनील गेंदले अपनी पुत्री श्रुति को साइकिल पर बैठा बाल कटवाने जा रहे थे। गुमा से कुछ दूरी पर मोड़ के पास साइकिल खड़ी करके कुछ देर के लिए बाथरूम चले गए। इस दौरान बेटी श्रुति साइकिल के पास खड़ी थी इस दौरान साकेत परसिया निवासी अजय बंजारे तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए अनियंत्रित होकर श्रुति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा दर्दनाक था कि मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाके लिए बिल्हा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग युवती को घर से भगाने वाले आरोपी को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से पुलिस ने नाबलिग को बरामद कर लिया है। घटना गुरूवार की है। आरोपी निवासी मोहनभाठा, थाना कोटा निवासी रमन चतुर्वेदी पिता राम चतुर्वेदी, उम्र 20 वर्ष द्वारा नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया था। इसकी शिकायत लड़की के परिजनों ने कोटा थाने में दर्ज कराई थी। इस दौरान जानकारी मिली कि आरोपी रमन चतुर्वेदी एवं अपहता मटसगरा के आगे नहर के पास देखे गए हैं। सूचना पर कोटा पुलिस टीम को मौके पर पहुंच अपहता को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है।जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जेल भे दिया गया है।

---

**बिलासपुर के सराफ परिवार का मामला** | **राज्य महिला आयोग में आने के बाद राहत मिली**

# महिला आयोग में प्रकरण लाने के बाद रेरा ने वापस दिलाए 50 लाख

**बिलासपुर।** राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रकरण लाने के बाद बिलासपुर के सदरबाजार स्थित सराफ परिवार को रेरा ने 50 लाख राशि वापस दिलाई है। शुक्रवार को बिलासपुर में जनसुनवाई में पहुंची महिला किरण सराफ ने बताया कि उन्होंने रायपुर में एक फ्लैट बुक कराया था। लेकिन बाद में बिल्डर फ्लैट देने में आनाकानी करने लगा। इस पर उन्होंने रेरा में प्रकरण लगाया था, किन्तु रेरा से कोई कार्रवाई होते नजर नहीं आया। इस पर उन्होंने राज्य महिला आयोग में केस लगाया और महिला आयोग से दबाव पड़ने के बाद 35 लाख और 15 लाख मिलाकर कुल 50 लाख रुपए उन्हें वापस मिल गए हैं। इस तरह राज्य महिला आयोग में आने के बाद उन्हें राहत मिली है।

महिला आयोग के सुनवाई अनुसार आवेदिका ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में हीरा भगवानी जेल में बंद है। इस प्रकरण में आवेदिका को समझाइस दी गई है कि वह अपने मामले अपराधिक परिवाद पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करें और राशि वसूली के लिए दीवानी मामला प्रस्तुत करें और इस निर्देश के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। आवेदिका उपस्थित अनावेदक अनुपस्थित आवेदिका ने सुलहनामा प्रस्तुत किया और बताया कि आयोग में प्रकरण दर्ज करने के बाद ही




अनावेदक द्वारा आवेदिका को 50 लाख रूपए वापस किए गए अतः आवेदिका अपना आवेदन वापस लेना चाहती है, इस आधार के साथ प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत 22 प्रकरणों पर जनसुनवाई की छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 355 व बिलासपुर जिले में 22 वीं सुनवाई हुई।

### आ रहे सोशल मीडिया में पहचान के बाद शादी व लिविंग संबंधी नए मामले

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि सोशल मीडिया व लिविंग रिलेशनशिप संबंधी नए मामले आयोग के सामने आ रहे हैं, जिसमें लड़के और लड़की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही है और शादी के बाद फिर तलाक के नौबत आ रहे हैं। यही स्थिति लिविंग रिलेशन वाले मामलों में हो रहा है।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने आज बिलासपुर जिला पंचायत के सभाकक्ष में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि सोशल मीडिया के जरिए पहचान और लिंविंग के जो मामले आयोग में आ रहे हैं। इसलिए लड़कियों को समझा रहे हैं कि इस तरह सोशल मीडिया से पहचान और शादी, लिंविंग के चक्कर में न पड़े। उन्होंने कुछ पुरुष के मामले भी आयोग में आते हैं जिनमें महिलाओं द्वारा उत्पीड़न की झूठी शिकायत की जाती है या फिर पत्नी द्वारा पति को तंग किए जाने के मामले होते हैं उनमें हम पुरुषों की भी मदद किए हैं। डॉ. किरणमयी नायक ने दावा करते हुए बताया कि प्रदेश स्तर पर यह महिला आयोग की 355 वीं सुनवाई है और 6 वर्ष का उनका कार्यकाल होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस तरह की सुनवाई और स्टेट फारवर्ड रिलीफ महिलाओं को छत्तीसगढ़ महिला आयोग में मिल रही है, वैसी सुनवाई राष्ट्रीय महिला आयोग या फिर किसी अन्य राज्यों के महिला आयोग में नहीं होती है। उन्होंने बताया कि महिला आयोग द्वारा मुख्यमंत्री महतारी न्याय यात्रा जागरूकता के लिए निकाली गई थी, उससे महिला आयोग में प्रकरणों की संख्या बढ़ी है और थाना एवं कोर्ट में संख्या कम हुई है। इससे महिलाओं में जागरूकता बढ़ी है।

- छग महिला आयोग की तरह अन्य राज्यों के आयोगों में भी नहीं होती सुनवाई : किरणमयी

---

**सिविल लाइन थाने में भाजयुमो ने की थी गिरफ्तारी की मांग**

# मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएम विष्णु देव साय की फोटो में अमर्यादित ढंग से टिप्पणी करने के मामले में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सिविल लाइन थाने में जमकर प्रदर्शन किया और कांग्रेस के आंदोलन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया। पुलिस ने इस मामले में कांग्रेस के शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय और जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के साथ ही अन्य कांग्रेसियों पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निखिल केशरवानी व बीजेपी के अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को कांग्रेस के नेताओं कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। दिन भर सिविल लाइन थाने में गहमा-गहमी रही। दरअसल बीजेपी के कार्यकर्ता गुरूवार को कांग्रेस द्वारा नेहरू चौक में आमसभा कर रास्ता अवरूद्ध करने एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की फोटो में अमर्यादित ढंग से कृत्य कर अपमाति करने को लेकर रोष दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष निखिल केशरवानी ने लोक शांति भंग करने को लेकर कांग्रेसियों के खिलाफ कार्रवाई करने एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने कांग्रेस के नेता विजय पाण्डेय, विजय केशरवानी, सदाब खान एवं अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस दौरान बीएनएस की धारा 126 (2), 190, 191 (2),352 के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।




**सिविल लाइन थाने में जमकर प्रदर्शन**

शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदर्शन को अत्यंत निंदनीय, असभ्य और लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार–तार करने वाली घटना बताते हुए प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के फोटो पर चप्पल से हमला करने को लेकर अपमानजनक व्यवहार कहा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र देवांगन ने उपलब्ध वीडियो/फोटो के आधार पर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान निखिल केशरवानी, प्रदेश मंत्री गौरी गुप्ता, रितेश अग्रवाल, ऋषभ चतुर्वेदी,नितिन छाबड़ा, आशीष तिवारी, निक्कू चौबे, अशोक राजपूत, विक्रम सिंह, डंकेश्वर यादव, धन्नू डंसेना, भूपेश तिवारी, तुलेश पटेल, सहित युवा मोर्चा के सैंकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### छग सरकार कांग्रेसियों के आंखों की किरकरी बनी हुई हैः भाजपा

भारतीय जनता पार्टी शहर के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार चल रही है, वहीं कांग्रेसियों के आंखों की किरकरी बनी हुई है। वे कभी आदिवासियों की प्रगति नहीं देखना चाहते। उनकी मानसिकता सदैव आदिवासी विरोधी रही है। कल के प्रदर्शन के दौरान यही वजह है कि मुख्यमंत्री श्री साय की फोटो के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए अपमान जनक कार्यो को अंजाम दिया। उन्होंने कांग्रेसियों के इस कृत्य की भर्त्सना की है। श्री सिंह ने कहा कि गत 5 वर्ष के शासनकाल में कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में कोई विकास कार्य ही नहीं किया। वे केवल भ्रष्टाचार में लगे हुए थे। उसका परिणाम उन्हें आज भुगतना पड़ रहा है। जनता उनके काले कारनामों और भ्रष्टाचार से परेशान थी। फलस्वरूप उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। शराब घोटाला, पीएससी घोटाला, राशन घोटाला जैसे कई घोटाले अब उजागर हो गये हैं। ट्रांसफार्मर खरीदी घोटाला हुए, सभी टांसफार्मर खराब हो गए और उन ट्रांसफार्मर को षड़यंत्र पूर्वक आग लगने का बहाना बना कर जला दिया गया। कांग्रेस शासनकाल में एक भी नई सड़क नहीं बनाई गई और न ही सड़कों की मरम्मत किया गया। सड़कों पर अंधेरा छाया रहता था खंभों में विद्युत एलईडी भी पैसों के अभाव में नहीं लगाया जाता रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि बहाने बना कर झूठे आरोप लगाने से कुछ नहीं होता। सरकार जितने भी कदम उठा रही है वह आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए है।

---

**धान खरीदी सीजन की पहली कार्रवाई**

# देवरीखुर्द प्रबंधक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्य में लापरवाही के चलते सहकारी समिति देवरीखुर्द के सहायक प्रबंधक एवं खरीदी केंद्र प्रभारी को निलंबित किया गया है। उक्त कार्रवाई प्रशासन द्वारा धान खरीदी के वर्तमान सीजन की पहली कार्रवाई है। संबंधित कर्मचारी को धान के बोरों में निर्धारित से कम मात्रा पाए जाने एवं खाली बारदानों के सही रखरखाव का अभाव पाए जाने के बाद कलेक्टर की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

धान खरीदी के दौरान समितियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी एवं किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए शासन स्तर पर पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं। अब इसमें कमी पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत तखतपुर तहसील के धान खरीदी केंद्र देवरीखुर्द में गड़बड़ी एवं नियमितता की शिकायत प्राप्त हुई थी। उप पंजीयक सहकारिता द्वारा सहकारिता विस्तार अधिकारी तखतपुर को शिकायत में जॉच अधिकारी नियुक्त किया गया था। सहकारिता विस्तार अधिकारी द्वारा जॉच प्रतिवेदन में जानकारी दी गई थी कि धान खरीदी प्रभारी राममनोहर कौशिक के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नही करना पाया गया है। इनके द्वारा खरीदी किए गए धान के कुछ बारदानों में मानक वजन के अनुरूप नहीं पाया गया।

इसी तरह डनेज की उपयोगिता के आधार पर भण्डारण में भी कमी पाई गई। खाली बारदानों का सही रख-रखाव की व्यवस्था में कमी पाया गया तथा खरीदे गए धान को व्यवस्थित रूप से जमाकर भी नहीं रखा गया था, ताकि बोरों की आवश्यकतानुसार गिनती की जा सके। उक्त कर्मचारी के कृत्य को धान उपार्जन नीति 9.16 एवं 15.1 के उपबंधो के प्रतिकूल पाया गया हैं। जॉच प्रतिवेदन को आधार मानते हुए कलेक्टर की अनुशंसा पर उपायुक्त सहकारिता चंद्रशेखर जायसवाल द्वारा सहायक प्रबंधक एवं खरीदी केंद्र प्रभारी राममनोहर कौशिक को निलंबित किया गया है।

- निर्धारित से कम पाई गई बोरों में धान की मात्रा
- बारदानों का रखरखाव भी सही नहीं

### की गई है कार्रवाई

शिकायत के आधार पर समिति स्तर पर जांच करवाई गई थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद कलेक्टर की अनुशंसा से देवरीखुर्द समिति के खरीदी प्रभारी को निलंबित किया गया है।

**-चंद्रशेखर जायसवाल**
उपायुक्त सहकारिता विभाग

---

## बेटे को मारने वाला फरार आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अवैध शराब का पव्वा बेचने को लेकर कोचिए व हिस्ट्रीशीटर के बेटे को लकड़ी के बत्ते से पीटते हुए मौत के घाट उतारने के मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले दो माह से अपना हुलिया और पता बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन बिलासपुर पुलिस ने आरोपी को बिहार से गिरफ्तार कर शहर ले आई है।


आरोपी।

घटना 12 अक्टूबर की है। करबला निवासी हिस्ट्रीशीटर बाबा सोनकर उर्फ संतोष का बेटा साहिल सोनकर 19 साल अपने दोस्त व गुण्डा बदमाश किशन यादव पिता रामायण यादव के साथ 11 अक्टूबर की रात सीपत लूथरा उर्स देखने गया। रात 3 बजे दोनों शहर लौट कर शराब पीने के लिए तिफरा सब्जी मंडी के पास पहुंचे। चखना दुकान संचालक चिंगराजपारा निवासी साहिल साहू ने शराब का पव्वा देकर 260 रुपए की मांग की। दोनों युवकों ने महंगी शराब बेचने को लेकर बहस शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा की साहिल साहू व उसका साथी आकाश शर्मा व एक नाबालिग द्वारा साहिल सोनकर व किशन उर्फ खोख्सा को जमकर पीट दिया। इस दौरान आरोपियों ने लकड़ी के बत्ते से गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे साहिल सोनकर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं किशन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी साहिल साहू की गिरफ्तारी कर ली थी, लेकिन आकाश शर्मा फरार था। वह अपना हुलिया बदलकर लगातार छिपता रहा, तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने उसे मुंगेर बिहार से पकड़ लिया है।

बिलासपुर पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड के बाद उसे शहर ले आई है। उसकी निशानदेही में लकड़ी का डंडा, एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 3206 व खून से सने कपड़े जब्त कर लिया है।

## सोना लेकर नहीं दिया चेन ज्वेलर पर अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** 28 ग्राम सोना लेकर चेन नहीं देने के मामले में बुजुर्ग ने ज्वेलरी संचालक पर जुर्म दर्ज कराया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के गोलबाजार का है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मामले के अनुसार 66 वर्षीय बुजुर्ग शत्रुहन सिंह राठौर पिता श्री त्रियुगी नारायण बिलासपुर में रहते हैं। उन्होंने अमरनाथ गली के बाजू में बने श्रेया ज्वेलर्स के संचालक शेष कुमार सोनी पिता बनवासी सोनी को करीब ढाई लाख रूपए का सोना जिसमें 1 सोने की चैन 17.32 ग्राम, लाकेट 11 ग्राम कुल 28 ग्राम सोना देकर चैन बनाने के लिए कहा था। ज्वेलर्स संचालक ने 1 हफ्ते बाद आने को कहा और प्रार्थी ने एक हफ्ते बाद चैन की मांग की लेकिन संचालक ने दोबारा 1 हफ्ते का समय दे दिया। चेन देने के बजाए बार-बार घुमाने से परेशान बुजुर्ग ने ज्वेलर्स के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराई है, पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस में शिकायत पहुंचने के बाद ज्वेलर्स संचालक दुकान बंद कर फरार हो गया है, पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सूने मकान से चोरों ने जेवर व नकद किया पार

**बिलासपुर।** तोरवा क्षेत्र के महमंद लालखदान ओवरब्रिज के नीचे रहने वाला ट्रेवल एजेंसी संचालक अपने ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। इस बीच चोरों ने उनके घर से सोने-चांदी जेवर और 50 हजार नकद पार कर दिया। ट्रेवल एजेंसी के संचालक ने तोरवा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।
तोरवा के महमंद लाल खदान ओवरब्रिज के पास आशीष सिंह ठाकुर ट्रेवल एजेंसी चलाते हैं। उनके ससुर का एमपी के अमलाई में 22 नवंबर को निधन हो गया। वे अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर अमलाई गए थे। पत्नी और बच्चों को छोड़कर 24 नवंबर को घर पहुंचे। इस दौरान मकान के दरवाजे पर लगा ताला टूटा था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने आलमारी से सोने-चांदी के जेवर और 50 हजार नकद पार कर दिया था। उन्होंने इसकी शिकायत तत्काल तोरवा थाने में की।

## नहर में मिली अज्ञात युवक की लाश, पुलिस जुटी जांच में

**बिलासपुर।** सीपत नहर में एक अज्ञात युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ लाश बरामद कर पीएम कराया है। फिलहाल मौत के कारण का पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की उम्र 35 से 40 वर्ष की बताई जा रही है।

- सीपत थाना क्षेत्र की घटना

पुलिस के अनुसार सीपत एनटीपीसी के मटेरियल गेट के बगल से बने नहर में बहेरा पुल के नीचे सुबह ग्रामीणों ने एक अज्ञात युवक की लाश देखी। यह क्षेत्र खारंग जलाशय की नहर का है।



लाश औंधे मुंह पानी में डुबी थी। नहर में लाश मिलने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सीपत पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है और मौके पर फोरेंसिक टीम ने जांच को आगे बढ़ाया है लेकिन शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि बाडी में जींस और शर्ट मिली है और शव 2 से 3 दिन पुरानी है। पुलिस के मुताबिक देखने में युवक की उम्र 35 से 40 के करीब है। फिलहाल पीएम के बाद रिपोर्ट आना बाकी है, इसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### आधार ओटीपी प्रमाणीकरण लागू

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड नें तत्काल टिकिट योजना में संशोधन करते हुए आधार आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया है, जिसके तहत बिलासपुर-नई दिल्ली राजधानी से शुरुआत की गई है। रेल प्रशासन ने ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन में आरक्षण कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए आनलाइन बुकिंग करने की भी सुविधा देकर रखी हुई है। ईआरसीटीसी की वेबसाइट का उपयोग कोई भी यात्री कर सकता है, जिसके लिए उन्हें अपनी एक पर्सनल आईडी भी बनानी पड़ती है। यात्री की बनाई गई आईडी के जरिए एक माह में 6 बुकिंग करने की सुविधा दी गई है। इसके अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए कई दुकानदारों की भी दुकान चल रही है, जो आनलाइन बुकिंग कर यात्रियों से 100 से 200 रुपए और एसी कोच के 4 से 500 रुपए अतिरिक्त राशि लेते हैं।

## तीन मकानों का टूटा ताला, जेवर व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी क्षेत्र के सेंदरी में चोरों ने एक ही रात तीन मकानों में धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार कर दिया है। दो मकान में परिवार के लोग थे। घर में सो रहे लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

सेंदरी के रमतला रोड में रहने वाली शांति बघेल(23) ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार की शाम पांच बजे मकान में ताला लगाकर अपने मायके चली गई थी। घर के दूसरे कमरे में उनके ससुर रहते हैं। गुरुवार की सुबह उनके ससुर ने मोबाइल पर काल कर बताया कि उसके कमरे का ताला टूटा है। इस पर महिला अपने घर आई। दरवाजा खोलकर वह अंदर दाखिल हुई कमरे में सामान बिखरा हुआ था। कमरे में रखे बैग से 25 हजार रुपये गायब थे। उनके घर के पास ही रहने वाले संग्राम सरवंश(31) निजी कंपनी में सिक्युरिटी गार्ड हैं। बुधवार की रात मकान में ताला लगाकर वे ड्यूटी पर गए थे। चोरों ने उनके घर की आलमारी से 30 हजार नकद, सोने का मंगलसूत्र, नाक की फुल्ली, सोने की माला, सोने की अंगुठी, चांदी का बेनी फूल, कमरबंद, चांदी की मेंहदी पारर कर दिया। मोहल्ले में ही रहने वाले सोहित अनंत(39) ससुराल में धान काटने के लिए गए थे।

चोरों ने उनके घर की आलमारी से 30 हजार नकद, चांदी की पायल, चांदी का चेन, सोने का हार, सोने का टाप्स, मंगलसूत्र पार कर दिया। तीनों मामलों में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

- कोनी क्षेत्र के संदरी का मामला

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411